भोपाल

गुरुवार, 27 नवंबर 2025

अगहन मास शुक्ल पक्ष-07

वर्ष : 12, अंक : 237

पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **


मौसम

अधि. 27

न्यून. 17


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





11 प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित..

विचार पेज

08 गुमशुदगी के बढ़ते आंकड़े....


### विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भावभीनी विदाई देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

# स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी पंचतत्व में विलीन, बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्वालियर

आईएनएच एवं हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताश्री स्वर्गीय कीर्ति नारायण द्विवेदी का अंतिम संस्कार बुधवार को ग्वालियर के लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम में पारंपरिक व रीति रिवाजों के साथ ससम्मान संपन्न हुआ।

इस मौके पर उनके बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नम आंखों से मुखाग्नि दी। उन्होंने परंपरानुसार पुत्र कर्तव्य का निर्वहन किया। स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का एक दिन पहले मंगलवार को 84 वर्ष की अवस्था में देवलोक गमन हुआ था। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को ग्वालियर स्थित उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी से शुरू हुई। उनकी अंतिम यात्रा में शहर ▶▶शेष पेज 6 पर



बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने दी मुखाग्नि

## त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को

स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में रखा गया है। त्रयोदशी आयोजन में शांति पाठ व प्रार्थना होगी।



विश्रामघाट पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने परिजनों को सांत्वना दी

### श्रद्धांजलि सभा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य नागरिकों ने कहा कि स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का जीवन सादगी, विनम्रता और निरंतर कर्मशीलता की मिसाल रहा है। वे सदैव लोगों को जोड़ने वाले, मुस्कुराकर हर परिस्थिति का सामना करने वाले और रिश्तों को निभाने वाले व्यक्ति थे। उनके देवलोक गमन को सभी ने अपूरणीय क्षति बताया। इस भावुक क्षण में उपस्थित लोगों ने द्विवेदी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।









### सीहोर के वीआईटी कॉलेज में दूषित भोजन से कुछ छात्रों की मौत की सूचना पर बवाल

# प्रदर्शन करते हुए छात्रों पर गार्डों का हमला गुस्से में फूंके वाहन, जमकर की तोड़फोड़

कॉलेज में दूषित भोजन-पानी से पीलिया फैलने और छात्रों की कथित मौतों के आरोपों को लेकर छात्रों ने परिसर में मंगलवार की रात प्रदर्शन किया। गार्ड द्वारा मारपीट से छात्र उग्र हो गए, प्रबंधन ने मौतों को भ्रामक बताया



कॉलेज के अंदर तोड़फोड़ के बाद का दृश्य

### कॉलेज के एक प्रोफेसर की घर पर मौत, पुलिस जांच में जुटी, प्रबंधन बोला- रात की घटना से संबंध नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर/कोठरी

कोठरी स्थित वीआईटी (वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) कॉलेज में दूषित भोजन-पानी से पीलिया फैलने और छात्रों की कथित मौतों के आरोपों को लेकर छात्रों ने परिसर में मंगलवार की रात जोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान वार्डन और कुछ गार्डों ने उनके साथ मारपीट कर दी। जिससे छात्र आक्रोशित हो गए और उन्होंने कैंपस में खड़ी बस सहित अन्य वाहनों में आग लगाने के साथ ही कैंपस में तोड़फोड़ कर दी।

उग्र प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। सुबह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग में कुछ छात्रों ने फिर आग लगा दी। प्रदर्शन को देखते हुए बुधवार सुबह से ▶▶शेष पेज 6 पर

**सुबह भी कॉलेज की बिल्डिंग में कुछ छात्रों ने फिर आग लगा दी कैंपस में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात**



उग्र छात्रों ने कैंपस में खड़ी एक कार को पलट दिया और नारेबारी की

*30 नवंबर तक यानी पांच दिन का अवकाश घोषित*

*स्वास्थ्य अमले ने छात्रों के लिए ब्लड सैंपल*

### आक्रोशित छात्रों ने की आगजनी और तोड़फोड़

मंगलवार की रात आक्रोशित छात्रों ने एक बस, दो चार पहिया वाहन, एक एंबुलेंस में आग लगा दी, जबकि हॉस्टल की खिड़कियों के शीशे, एक आरओ प्लांट सहित परिसर के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया।



जली हुई बस




जलती हुई कार

### पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी, एसडीओपी आष्टा और विभिन्न थानों से भारी पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। आष्टा ▶▶शेष पेज 6 पर

### वीआईटी मामले में जांच समिति गठित

**भोपाल।** वीआईटी में छात्रों की तबीयत बिगड़ने और कथित रूप से कुछ छात्रों की मौत की खबरों के बाद परिसर में तनाव और आगजनी की घटनाओं को लेकर निजी विश्वविद्यालय आयोग, भोपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी बुधवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार तथा ▶▶शेष पेज 6 पर

### छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप

हॉस्टल में खराब क्वालिटी के भोजन और दूषित पानी के कारण पीलिया के चलते 100 से अधिक छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं और कुछ की मौत भी हुई हैं। अव्यवस्थाओं का विरोध करने पर हॉस्टल वार्डन और गार्डों ने छात्रों के साथ मारपीट की और चुप रहने का दबाव बनाया, जिसका वीडियो भी मौजूद है। ▶▶पढ़ें पेज 03 भी

## खबर संक्षेप


### कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (38) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार दीप्ति का शव ड्रेसिंग रूम के पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें लेकर अस्पताल गए, जहां दीप्ति को मृत घोषित कर दिया गया।



### बैतूल: दो कर्मचारियों के शव कुए से मिले

**बैतूल।** बैतूल बाजार नगर परिषद में दो कर्मचारियों का शव बुधवार सुबह बयावाड़ी के पास एक ही कुए से बरामद हुआ। दोनों कर्मचारी मंगलवार रात से गायब थे। पुलिस ने दोनों शवों को निकालकर जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतकों की पहचान रजनी डुंडेले (48) और मिथुन (29) के रूप में हुई है। महिला का मोबाइल घर में ही मिला, जबकि मिथुन की लोकेशन उसके खेत के आसपास मिली थी। बुधवार सुबह उनकी चप्पल कुए के पास मिलीं।



### एसआईआर के काम में जुटे बीएलओ को आया अटैक

**बैतूल।** एसआईआर प्रक्रिया में जुटे बीएलओ पर वर्क लोड उनकी जान तक ले रहा है। जिले की भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के भीमपुर में एसआइआर के काम में लगे शिक्षक कर्मचारी बीएलओ को काम के दौरान अटैक आ गया। साथी कर्मचारी ने उनकी तबीयत बिगड़ते देखकर उन्हें तुरंत भैसदेही के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां पर हालत गंभीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर किया गया। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।



### किसानों को मिल रहा भावांतर का लाभ

# मुख्यमंत्री ने 1.34 लाख किसानों के खातों में अंतरित की 249 करोड़ राशि




मुख्यमंत्री भावांतर भुगतान योजना के तहत सिंगल क्लिक से राशि जारी करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर जिले के गौतमपुरा में आयोजित समारोह में सोयाबीन की फसल पर भावांतर भुगतान योजना के तहत प्रदेश के 1.34 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से 249 करोड़ रुपए अंतरित की। अब तक में प्रदेश के 4.39 लाख से अधिक किसानों ने 7.85 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन फसल का विक्रय किया है।

मुख्यमंत्री ने इंदौर जिले को 264 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर किसान को उसकी मेहनत, उसके समर्पण का समुचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भावांतर भुगतान योजना के जरिए किसानों को बाजार भाव में कमी से होने वाले नुकसान की भरपाई की जा रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति हर हाल में बेहतर एवं मजबूत हो सके और खेती-किसानी लाभ का व्यवसाय बने। मुख्यमंत्री इस दौरान किसानों को भावांतर राशि वितरण के साथ ही विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। ▶▶पढ़ें पेज 05 भी

*किसानों के नुकसान की भरपाई कर रही डॉ. मोहन सरकार*

### प्रकृति के मार के बाद भी किसान भाई उगाते हैं अन्न: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान भाई हमारे अन्नदाता हैं। वे तरह-तरह के जोखिम उठाकर समाज और देश के लिए अन्न-धन का भंडार भरते हैं। प्रकृति की मार सहकर और खुद के दाना-पानी की चिंता में न रहकर सबका उदर पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर जवान और खेतों में हमारे किसान दोनों समान रूप से राष्ट्र की सेवा में तत्पर रहते हैं। किसान भाइयों के ▶▶शेष पेज 6 पर

### आईएएस वर्मा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## सरकार नोटिस जारी कर वर्मा से 7 दिन के अंदर मांगा जवाब



वर्मा ने ब्राह्मण समाज को लेकर दिया था विवादित बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

ब्राह्मण समाज को लेकर विवादित बयान मामले में आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ अब सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सरकार ने वर्मा को नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर जवाब मांगा है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अवर सचिव कार्मिक फरहीन खान द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि ये टिप्पणी प्रथम दृष्टया सामाजिक समरसता को ठेस पहुंचाने एवं ▶▶शेष पेज 6 पर

### एसआईआर पर हुई सुनवाई

## चुनाव आयोग 1 दिसंबर तक जवाब दाखिल करे: शीर्ष कोर्ट



पांच राज्यों में एसआईआर का मामला

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और बिहार में चल रहे एसआईआर को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अगुवाई वाली बेंच ने चुनाव आयोग को 1 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का सख्त निर्देश दिया। सभी राज्यों के एसआईआर मामलों में चुनाव आयोग को ▶▶शेष पेज 6 पर

### संविधान दिवस पर बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

## औपनिवेशिक मानसिकता छोड़ राष्ट्रवादी सोच अपनाने का दस्तावेज



25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना बड़ी उपलब्धि

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

75वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पुराने संसद भवन के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा एलओपी मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य नेता 75 संसद के संविधान सदन में संविधान दिवस कार्यक्रम में ▶▶शेष पेज 6 पर

### मासूम से दुष्कर्म मामले में उबाल: पांचवें दिन भी पुलिस के हाथ खाली

आरोपी सलमान को लेकर दिनभर उड़ती रहीं अफवाहें

# गौहरगंज में कर्फ्यू जैसे हालात, प्रदर्शन के दौरान पथराव पुलिस को करना पड़ा लाठी चार्ज, छोड़े आंसू गैस के गोले

*डीआईजी प्रशांत खरे ने कहा स्थिति नियंत्रण में है और आरोपी को लेकर कुछ क्लू मिले हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶औबेदुल्लागंज

रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में बुधवार को शहर के हालात तनावपूर्ण हो गए। दरअसल, घटना के विरोध में और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सकल हिंदू समाज सड़क पर उतर आया और आक्रोश जताते हुए विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन ▶▶शेष पेज 6 पर

**प्रशासन ने लगाई बीएनएस एस की धारा 163**



पुलिस-प्रशासन ने हल्के बल का प्रयोग किया

**पुलिस की 20 टीमें आरोपी को तलाशने में जुटीं, 500 से अधिक पुलिस के जवान तैनात**

### आरोपी की तलाश में छह जिलों की पुलिस

आरोपी को अब तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। छह जिलों की पुलिस को इस मिशन पर लगाया गया है। 20 से अधिक विशेष टीमें और 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी आरोपी सलमान को ढूंढने के लिए होटल, ढाबों, जंगल और गांव-गांव की तलाशी कर रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ने पीड़िता के पिता से की बात

*गौहरगंज दुष्कर्म मामले की पीड़िता के स्वास्थ्य और भविष्य को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीड़िता के पिता से फोन पर बात की है। केंद्रीय मंत्री ने पीड़िता के पिता को यह आश्वासन दिया है कि सरकार बच्ची के स्वास्थ्य (इलाज) और उसके भविष्य की पूरी चिंता करेगी।* ▶▶पढ़ें पेज 04 भी




# निवेश को गति देने के लिए शीघ्र ही 'इंवेस्टर मीट' आयोजित की जाएगी

## बीडीए और क्रेडाई के बीच बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्यामवीर सिंह से क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने बैठक की। नॉलेज एवं एआई सिटी की घोषणा तथा 3,707 एकड़ 'नेक्स्ट जनरेशन नॉलेज सिटी' के लिए बीडीए द्वारा ईओआई जारी होने के बाद यह बैठक राजधानी के नगरीय विकास पर निर्णायक मानी जा रही है। बैठक में भोपाल की प्राचीन वैदिक नगर योजना, भोज वेटलैंड, राजधानी क्षेत्र की वैश्विक विशिष्टता, तथा भविष्य की मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग के बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। क्रेडाई भोपाल द्वारा तैयार विस्तृत प्रतिवेदन भी सीईओ को सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप में नॉलेज कैपिटल के लिए आधुनिकतम मास्टर प्लानिंग, आर्थिक कॉरिडोर (आईटी, एआई, नॉलेज, लॉजिस्टिक्स), शहरी शासन में पारदर्शिता और भोपाल<\@>2047 दृष्टि के अनुरूप सतत विकास जैसे प्रमुख सुझाव शामिल हैं। इसके लिए विश्वस्तरीय शहरी नियोजन सलाहकार की नियुक्ति हुई।


बैठक में सहमति पत्र सौंपते हुए।

### निजी निवेश, विशेषज्ञ भागीदारी होगी मजबूत

क्रेडाई और बीडीए के बीच यह सहमति बनी कि राजधानी में निवेश को गति देने के लिए शीघ्र ही "इंवेस्टर मीट" आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में क्रेडाई भोपाल के डेवलपर सदस्यों के साथ स्थानीय स्तर पर, द्वितीय चरण में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के डेवलपर्स के साथ बड़े पैमाने पर आयोजन करेगा। यह पहल नॉलेज–एआई सिटी सहित बीडीए की प्रमुख योजनाओं में निजी निवेश और विशेषज्ञ भागीदारी को मजबूत करेगी।

### क्रेडाई सीईओ नेशनल कॉन्केव में शामिल होंगे

सीईओ श्यामवीर सिंह ने आगामी दो दिवसीय आयोजित होने वाली क्रेडाई नेशनल कॉन्केव 2025 जो 19और 20 दिसम्बर को नई दिल्ली के ताज पैलेस में होने वाला है, में हिस्सा लेने का निर्णय लिया है। इस कॉनक्लेव का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भी नेशनल क्रेडाई द्वारा आमंत्रण भेजा जा चुका है। बैठक के अंत में अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि राजधानी के लिए यह ऐतिहासिक समय है। शासन की दूरदर्शी घोषणाएं और बीडीए का सक्रिय दृष्टिकोण, दोनों मिलकर भोपाल को एक वैश्विक नॉलेज–एआई कैपिटल बनाने की राह मजबूत कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भाभा विवि में वंदे मातरम् और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल।** भाभा विश्व विद्यालय में वंदे मातरम् गीत को 150 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन बड़ी धूम धाम से किया गया। कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए विश्व विद्यालय में 101 आम के पौधे रोपे गए। साथ ही बच्चों ने देश भक्ति से ओत प्रोत विभिन्न तरह के पोस्टर भी बनाए , निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

### डॉ. वरुण रामेंद्र सुंदर सिन्हा मेमोरियल ऑरेशन अवॉर्ड से सम्मानित




**भोपाल।** एम्स भोपाल के फिजियोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा को फिजियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा रामेंद्र सुंदर सिन्हा मेमोरियल ऑरेशन अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान एम्स भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन फिजिकॉन-2025 में दिया गया। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर के मार्गदर्शन में डॉ. मल्होत्रा ने योग, व्यायाम और आधुनिक तकनीक के दस वर्षों के शोध को प्रस्तुत किया। डॉ मल्होत्रा ने शोध में पाया गया कि विशेष श्वसन क्रियाएं, योगासन और टेक्नोलॉजी आधारित हस्तक्षेप तनाव कम करने, हृदय स्वास्थ्य सुधारने और मानसिक प्रदर्शन बढ़ाने में अत्यंत प्रभावी हैं।

### जीएमसी छात्र संघ की उर्वि अध्यक्ष तो कुहू बनी सचिव, किया शपथ ग्रहण

**भोपाल।** राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में बुधवार को छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सत्र 2024-25 के लिए छात्र संघ का गठन किया गया। जिसमें उर्वि अग्रवाल को संघ की अध्यक्ष, आरुषि राहुल अग्रवाल एवं रीनी मनोरिया को सह अध्यक्ष और कुहू कोठारी को सचिव नियुक्त किया। जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने छात्र संघ के सभी पदाधिकारियों को सभी छात्रों को उचित आचरण करने के प्रेरणा दी। डॉ. कविता एन. सिंह ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

### एक्सपायरी डेट वैक्सीनेशन पर मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**भोपाल।** इंदौर जिले के जूनी थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर स्थित एक एक निजी अस्पताल में एक मासूम बच्चे को एक्सपायरी डेट का वैक्सीन लगाने का मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग ने संबंधितों से जबाव तलब किया है। ढाई साल के मासूम बच्चे के माता-पिता उसे रैगुलर वैक्सीनेशन के लिए हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर द्वारा बच्चे को जो वैक्सीन लगाया वो एक्सपायरी डेट वाला था। पिता ने डॉक्टर से शिकायत की तो उनके साथ बदसलूकी कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, इंदौर से मामले में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

## राजधानी के महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में आयोजित हुए कई कार्यक्रम

# बीयू में मनाया संविधान दिवस... प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में 31 टीमें हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विधि शिक्षण एवं शोध विभाग द्वारा 76वें संविधान दिवस पर 25 एवं 26 नवंबर को दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक जागरूकता, आलोचनात्मक चिंतन तथा सार्थक शैक्षिक संवाद को प्रोत्साहन देना था। पहले दिन प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 31 टीमों ने भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई। इसमें भोपाल के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया।

कुलगुरु प्रो एसके जैन ने कहा कि समाज एवं राष्ट्रहित सदैव व्यक्तिगत हितों से ऊपर होना चाहिए। उन्होंने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. मोना पुरोहित ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।


संविधान दिवस पर पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

### एसपीएम कॉलेजः संविधान हमें मौलिक अधिकार देता है, ताकि हम गरिमा के साथ जी सकें


समारोह में जानकारी देते मुख्य वक्ता।

**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में बुधवार को संविधान दिवस का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता डॉ. उत्तम सिंह चौहान, संयुक्त संचालक मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल रहे। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना के निर्देशन में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान हमें मौलिक अधिकार देता है, ताकि हम गरिमा के साथ जी सकें। लेकिन यह हमें मौलिक कर्तव्य भी याद दिलाता है। एक जिम्मेदार नागरिक के नाते अधिकारों का आनंद लेते समय हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना नहीं भूलना चाहिए।

**संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं**

संवैधानिक मूल्यों से अवगत कराते हुए मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों का प्रबोधन करते हुए कहा कि हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, यह भारत की आत्मा है। संविधान में न्याय स्वतंत्रता समता और बंधुत्व की बात कही गई है। हमें जाति, धर्म या लिंग के भेदभाव से ऊपर उठकर एक सशक्त भारत का निर्माण करना है।

### नेशनल यूनिटी मार्च में शामिल हुए भोपाल के सैयद मामून

**भोपाल ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर देश भर में सरदार 150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा गया। संविधान दिवस पर बुधवार को गुजरात के वल्लभ नगर स्टेडिम से शुरू हुई इस राष्ट्रीय पदयात्रा में भोपाल के युवा सैयद मामून अहमद (मून) भी शामिल हुए। मामून अहमद का चयन केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा किया गया। देश से चुने गए 150 युवाओं में मामून अहमद मध्य प्रदेश के उन चार प्रतिभागियों में शामिल हैं, जिन्हें यह मौका मिला है। वे भोपाल से एकमात्र प्रतिभागी हैं। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में उप संचालक खेल एवं युवा कल्याण द्वारा उन्हें मध्यप्रदेश की किट अपने हाथों से भेंट की गई तथा प्रदेश के खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने शुभकामनाएं देकर गुजरात रवाना किया।


मंत्री सारंग सैयद मामून को शुभकामनाएं देते हुए।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में मना संविधान दिवस, आदर्शों को संजोए रखने लिए के लिए किया प्रेरित

एलएनसीटी युनिवर्सिटी में संविधान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रो. (डॉ.) मुकेशकुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, एलएनसीटी युनिवर्सिटी) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधिपति आलोक वर्मा (पूर्व न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय) एवं प्रदीप वर्मा (पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश) थे। कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने संविधान के आदर्शों को हृदय में संजोए रखने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर) ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई और बताया कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है।

## कार्यशाला में बनी सहमति

# नई शिक्षा नीति के तहत मध्यप्रदेश ओपन स्कूल का पाठ्यक्रम होगा अपडेट


एक दिवसीय कार्यशाला में जानकारी देते हुए अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड (एमपीएसओएस) और एजुकेट गर्ल्स द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं एवं पाठ्यक्रम की व्यापक समीक्षा करना था। इस कार्यशाला में मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के संचालक रविन्द्र कुमार सिंह सम्मिलित रहे, उनके साथ अकादमिक शाखा से सहायक संचालक सच्चिदानंद प्रसाद, परीक्षा शाखा से सहायक संचालक राम वैद्य, तथा ई.एफ.ए. विद्यालय से सहायक संचालक रमाकांत तिवारी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रमुख शैक्षणिक विशेषज्ञों सहित कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एनईपी 2020), राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ 2023) और एनसीईआरटी के आधार पर वैकल्पिक एवं दूरस्थ शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम में आवश्यक बदलावों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने जोर दिया कि लंबे समय से पाठ्यक्रम में अपडेट नहीं हुआ है, इसलिए इसे सरल, लचीला और स्थानीय भाषाओं के अनुरूप बनाना समय की मांग है।

एमपीएसओएस के डायरेक्टर रविंद्र कुमार सिंह ने पाठ्यक्रम अपडेट करने पर कहा कि लंबे समय से पाठ्यक्रम अपडेट नहीं हुआ है, और अब समय आ गया है कि हम स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों के बारे में सोचते हुए पाठ्यक्रम को अपडेट करें।

एजुकेट गर्ल्स गैर लाभकारी संस्था के कंटेंट डेवलपमेंट लीड अरविंद कुमार ने कंटेंट को सरलीकरण करने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एमपीएसओएस पाठ्यक्रम की समीक्षा और अद्यतन करना था, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सुधार और आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। एमपीएसओएस के डायरेक्टर रविंद्र कुमार सिंह ने सभी सुझावों की सराहना करते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# प्रशिक्षित युवा विकसित और समृद्ध भारत का भविष्य बनेंगे: टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


कौशलम् समरोह में लोगों को संबोधित करते राज्य मंत्री डॉ. टेटवाल।

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल आप इतने सौभाग्यशाली हैं कि उन युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दे रहे हैं, जो आगे चलकर विकसित और समृद्ध भारत का भविष्य बनेंगे; इसलिए आपका आचरण, अनुशासन और कार्यशैली हर छात्र के लिए आदर्श होना चाहिए। यह बात राज्य मंत्री डॉ. टेटवाल ने संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, आयोजित कौशलम् समारोह में कही। मंत्री टेटवाल ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण प्रदेश की आर्थिक प्रगति और रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण आधार है, और इसमें प्रशिक्षण अधिकारियों और प्राचार्यों की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक केवल पाठ पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि अपने संस्थान की संस्कृति, मूल्यों और अनुशासन का जीवंत प्रतिनिधि होता है। इसलिए शिक्षक का व्यवहार, भाषा, कार्यशैली और समय-प्रबंधन उस संस्था के स्तर को निर्धारित करता है।

# आज से आधे घंटे पहले चलेगी डॉ. आंबेडकर नगर-पटना स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** स्पेशल गाड़ी डॉ. आंबेडकर नगर-पटना स्पेशल ट्रेन 27 नवंबर से डॉ. आंबेडकर नगर आधे घंटे पहले चलेगी। स्पेशल ट्रेन के डॉ. आंबेडकर नगर से मक्सी के मध्य गुरुवार 27 नवंबर से संचालन में आंशिक संशोधन किया गया है। गाड़ी संख्या 09343 डॉ. आंबेडकर नगर-पटना स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार से अपने प्रारम्भिक स्टेशन डॉ. आंबेडकर नगर से निर्धारित प्रस्थान समय शाम 18:30 बजे के बजाय अब शाम 18 बजे प्रस्थान कर इंदौर स्टेशन समय 19:05 बजे के बजाय अब 18:30 बजे, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज जंक्शन स्टेशन समय 20:08 बजे के बजाय अब 19:18 बजे, उज्जैन स्टेशन समय 20:45 बजे के बजाय अब 19:50 बजे, मक्सी स्टेशन समय 21:25 बजे के बजाय अब 20:35 बजे, संत हिरदाराम नगर अपने निर्धारित समय 22:48 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन गंतव्य स्टेशन पटना अपने निर्धारित समय 18:30 बजे पहुंचेगी।

## अयोध्या थाने में मामला दर्ज करने के लिए सौंपा ज्ञापन

# आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ नहीं थम रहा विरोध, ब्राह्मण समाज ने जलाया का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के खिलाफ दिए गए विवादित बयान पर लगातार हंगामा जारी है। ब्राह्मण समाज तत्काल संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग कर रहा है। बुधवार को अयोध्या नगर चौराहे पर सर्व ब्राह्मण समाज ने अजाक्स के अध्यक्ष संतोष वर्मा का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया। ब्राह्मण समाज ने अयोध्या नगर थाने में संतोष वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज करने का ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष चंद्रभान तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज को लोग शाफ्ट टारगेट मानते हैं फिल्म वाले हो चाहे अधिकारी हो सभी उन्ही पर कमेंट करते हैं ऐसे अधिकारी को सरकार तुरंत बर्खास्त करें और थाने में इसके खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। प्रदर्शन में चंद्रभान तिवारी, बलवंत सिंह रघुवंशी, आशीष तिवारी, रजनीश दुबे, राम नारायण अवस्थी, श्रीराम विश्वकर्मा, किशोर सिंह रघुवंशी, हुकुम सिंह राजपूत, सुखेंद्र पयासी, आनंद तिवारी, विनोद पाण्डेय, मंगलेश पाराशर सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाजों के नागरिक शामिल थे।


अयोध्या नगर चौराहे पर अजाक्स के अध्यक्ष संतोष वर्मा का पुतला फूंकते हुए।

# मिशन मुस्कानः एमपी पुलिस ने किडनैप और गुमशुदा बच्चियों को महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान से किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित विशेष मुस्कान अभियान लगातार प्रभावी परिणाम दे रहा है। पिछले दो दिनों में प्रदेश की विभिन्न पुलिस टीमों ने महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान में पहुंचकर गुमशुदा व अपहत बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब किया है। परिजनों से पुनर्मिलन के इन क्षणों ने परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटाई है।

जिले की छापीहेड़ा पुलिस ने 900 किलोमीटर दूर राजस्थान के बीकानेर से अपहत नाबालिग को सकुशल बरामद किया। स्थानीय आरपीएफ एवं अभय कमांड सेंटर की सहायता से करणीसर क्षेत्र के जंगलों में घेराबंदी कर आरोपी अरविंद सेन को गिरफ्तार किया गया और बालिका को सुरक्षित वापस लाया गया

जिले के नेपानगर थाना पुलिस ने साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की सहायता से महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के गांव हिवरखेड़ से नाबालिग बालिका को खोज निकाला। बालिका को परिजनों से मिलाते समय परिवार की आंखों में खुशी के आंसू थे।

### परिजनों से मिलवाया

### महाराष्ट्र से बालिकाओं की सकुशल वापसी

सीधी की मड़वास पुलिस ने डिजिटल फुटप्रिंट और तकनीकी निगरानी के आधार पर महाराष्ट्र के पालघर (बोइसर) में दबिश देकर नाबालिग को बरामद किया। वहीं, सीहोर जिले की पार्वती थाना पुलिस ने विशेष टीम भेजकर पुणे से एक अपहत बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। इसके अलावा भेरुन्दा, आष्टा और इछावर थानों द्वारा भी गुमशुदा बालिकाओं को खोजकर परिजनों से मिलाया।

**राजस्थान से नाबालिग बालिका को किया रेस्क्यू**

जिले में चिमनगंज मंडी पुलिस ने बालिका के गुमशुदगी प्रकरण में अत्यंत त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए बालिका को झालावाड़ (राजस्थान) से सकुशल बरामद किया। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण एवं मुखबिर से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कम समय में बालिका की लोकेशन का पता लगाकर उसे सुरक्षित उसके परिवार को सौंप दिया।

## बाबूलाल गौर कॉलेज में मनाया एनसीसी दिवस

# एनसीसी युवाओं को अनुशासित रहने और देशभक्त नागरिक बनाने में होती है सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय बाबूलाल गौर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 78 वें एनसीसी दिवस पर आयोजित समारोह का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनाने में सहायक है। एनसीसी युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, संयम और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है, जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

इस अवसर पर सभी कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दीं। एनसीसी प्रभारी डॉ.संजय बाणकर ने कहा कि समय का सदुपयोग ही विद्यार्थियों को सफलता की राह पर आगे बढ़ाता है। एनसीसी में युवाओं को अपने उज्ज्वल भविष्य निर्माण के अवसर मिलते हैं। कार्यक्रम में डॉ चारूलता राठौड़, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ सुषमा जादोन, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. पीएन राज सहित स्टाफ के कई सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


एनसीसी दिवस पर आयोजित समारोह का शुभारंभ करते डॉ. संजय जैन।

### मनमोहक प्रस्तुतियां दीं

इस दौरान साक्षी एवं मुस्कान ठाकरे द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत नृत्य ने समारोह की शुरुआत को उत्साह से भर दिया। दीपिका राजपूत, शानू राजपूत एवं आदित्य मिश्रा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। रिया धनरे एवं गौरव आथिया के मुख्य अभिनय के साथ कैडेट्स ने प्रस्तुति दी। कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और बलिदान जैसे प्रेरक मूल्यों को जीवंत रूप में दिखाया गया। नाटक में शंतनु पाठक, आदित्य मिश्रा, ओम राजपूत, रूपेश चन्द्र मिश्रा, गौरव आथिया, साक्षी कुशवाहा, सुजाता रबड़े, पूनम गुजज्र, ममता गुजराती, आयुषी जलोडिया एवं खुशी मीणा की उत्कृष्ट भूमिका सराहनीय रही। अंत में अंडर ऑफिसर ए. करण ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का आभार माना।

4 बीड़ी न पिलाने से रात को हुआ विवाद... सुबह पत्थर ...


5 भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक...







# महाराष्ट्र के वोटर्स भोपाल में मिसमैच, बीएलओ एप नहीं कर रहा मैच, अनफिल्ड शो हो रहा

## बीएलओ के चक्कर काट रहे बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर क्षेत्र के मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान जिले की बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों मतदाता महाराष्ट्र राज्य के भी मिले हैं। जिनका वहां के एसआईआर-2002 की वोटर लिस्ट में नाम दर्ज है। इन लोगों ने अपने गणना पत्रक में महाराष्ट्र के एसआईआर की जानकारी भी भर दी है, लेकिन बीएलओ एप पर जब इन फार्म को अपलोड किया जा रहा है, तो एप इसे अनमैच कर रहा है। ऐसे मतदाता जब आयोग की वेबसाइट पर अपने फार्म जमा होने का स्टेटस देख रहे हैं, तो उसमें अनफिल्ड शो हो रहा है। इधर जिले के 2029 बीएलओ को फील्ड में घूमते हुए 23 दिन बीत गए हैं, लेकिन उन्होंने 1 जनवरी 2026 को 18 साल पूरे करने वाले नए वोटर्स के फार्म जमा नहीं किए हैं।

एसआईआर के दौरान बीएलओ के पास नाम जुड़वाने के लिए नए मतदाता पहुंच रहे हैं, लेकिन बीएलओ इन्हें ऑनलाइन फार्म नंबर-6 जमा करने की नसीहत दे रहे हैं। बीएलओ का कहना है कि वर्तमान में एसआईआर का काम चल रहा है। आगामी 9 दिसंबर से नए फार्म लिए जाएंगे। जिन्हें एसआईआर की फाइनल लिस्ट में जोड़ा जाएगा।

*एसआईआर के काम में बीएलओ ने नहीं लिए नए मतदाताओं के फार्म*

*नए वोटर्स को ऑनलाइन फार्म भरने की दे रहे नसीहत, अब 9 दिसंबर से नए फार्म लिए जाएंगे*


वार्ड 38 में एसआईआर का काम करते बीएलओ।

### 58 फीसदी काम निपटा, सात दिन बाकी

*शुरुआत से ही प्रदेश के सभी जिलों में पीछे चल रहे भोपाल की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। हालांकि प्रदेश की 230 विधानसभा में भोपाल अब तक टॉप बॉटम में बना हुआ है। बावजूद इसके अब तक करीब 58 फीसद काम निपटा लिया गया है। जिसमें 50 फीसद मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज कर दिए गए हैं, जबकि 5.13 फीसद मतदाता गायब हैं। इधर 3.05 फीसद मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है। अब शेष आठ दिनों में 42 फीसद को निपटाना है।*

### दो दिन की छुट्टी लेकर दस दिन गायब

मध्य विस क्षेत्र के बीएलओ सहायक ग्रेड-3 कमल सिंह परिहार एसआईआर के काम के दौरान शादी समारोह के लिए दो दिन की छुट्टी लेकर गए थे, लेकिन दस दिन तक काम पर नहीं लौटे। ऐसे में शहर एसडीएम दीपक पांडे ने यहां दूसरे बीएलओ को तैनात कर काम कराया। बीएलओ की इस लापरवाही को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निलंबित कर दिया है।

### सर्च टीम और फार्म भरने के सहायक होंगे

कलेक्टर ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग की वीडियो कांफ्रेंस के बाद सभी अधिकारियों की बैठक रखी, जिसमें उन्होंने कहा कि प्रत्येक बीएलओ को सर्च टीम और फार्म भरने के लिए सहायक मुहैया कराए जाएं, जिससे गणना पत्रकों के कलेक्शन में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर भी कर्मचारियों को तैनात किया जाए।

### दस साल बाद बीएलओ का मानदेय दोगुना

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन का काम करने वाले बीएलओ का वार्षिक मानदेय दस साल बाद बढ़ाकर छह हजार से 12 हजार कर दिया है। जबकि प्रोत्साहन राशि एक हजार से दो हजार हो गई है। इसके पहले ईआरओ और एईआरओ को मानदेय नहीं दिया जाता था, लेकिन अब ईआरओ को 30 और एईआरओ को 25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इसके अलावा बीएलओ पर्यवेक्षक की मानदेय राशि भी 12 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपए कर दिया है।

## *भोपाल में एसआईआर अब 24*7 बूथों पर लगेंगी नाइट चौपाल*

चार दिसंबर तक गणना पत्रक भरकर जमा करने का अब काउंट डाउन शुरु हो गया है। जिसके तहत जिले की सात विधानसभा सीटों पर तैनात 2029 बीएलओ की मिनट-टू-मिनट मॉनीटरिंग की जा रही है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शहरी क्षेत्र की 1182 बिल्डिंग के पोलिंग बूथों पर 24*7 बीएलओ की मौजूदगी, सर्च टीम और गणना पत्रक भरने वाले सहायकों को तैनात करने के आदेश जारी किए हैं। भोपाल में अब तक करीब 58 फीसद एसआईआर का काम पूरा कर लिया गया है। शेष आठ दिनों में काम निपटाने के लिए नाइट चौपाल लगाई जाएंगी। कलेक्टर कौशलेंद्र ने बुधवार को आदेश जारी कर कहा कि शहरी क्षेत्र में जिन बिल्डिंगों में पोलिंग बूथ संचालित किए जाते हैं, वहां पर कर्मचारियों के रात्रि कामकाज को लेकर इंतजाम किए जाएं। दरअसल माना जा रहा है कि शहरी क्षेत्र का मजदूर वर्ग दिन के समय काम में व्यस्त रहता है, ऐसे में वह दिन में घर पर नहीं मिलता। ऐसे में इन मतदाताओं के नाम छूट सकते हैं। जिसको देखते हुए शहरी क्षेत्र के पोलिंग बूथों पर सर्च टीम, गणना पत्रक भरने वाले सहायक और बीएलओ को देर रात तक मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे किसी भी मतदाता का गणना पत्रक नहीं छूट सके।

### पीडीएस दुकानदारों को भी उतारा

शहर में गणना पत्रकों के कलेक्शन के काम में पीडीएस दुकानदारों को भी उतार दिया गया है। दरअसल यह लोग भी स्थानीय लोगों को अच्छे से जानते हैं। जिसको देखते हुए यह फैसला लिया है। इन लोगों को मिसिंग वोटर्स की लिस्ट देकर भी सर्चिंग कराई जा रही है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि एसआईआर में सभी कर्मचारियों की मदद ली जा रह है।

## फेस अटेंडेंस सिस्टम फेल, 16 हजार कर्मी हुए अनुपस्थित

**भोपाल।** नगर निगम में बुधवार शाम अचानक एआइ बेस्ड फेस अटेंडेंस सिस्टम के सर्वर डाउन होने से हड़कंप मच गया। रोजाना की तरह जब कर्मचारी घर जाने से पहले शाम 5.30 बजे फेस अटेंडेंस लगाने पहुंचे, तो सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया। सर्वर डाउन होने के कारण नगर निगम के सभी कर्मचारी अपनी अंतिम अटेंडेंस नहीं लगा सके। ऐसे में 16 हजार निगम कर्मचारी अटेंडेंस नहीं लगा सके। बुधवार शाम साढ़े पांच बजे तक निगम के कर्मचारी घर जाने के लिए फेस अटेंडेंस लगाने लगे, तो सर्वर डाउन होने की वजह से किसी की भी हाजिरी नहीं लगी। ऐसे में कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने जब इसकी जानकारी आला अधिकारियों को दी तो पता चला कि प्रदेश के सभी 416 नगरीय निकायों में शाम को फेस अटेंडेंस सिस्टम में दिक्कत हुई है। 16 अक्टूबर से एआई बेस्ड फेस रिकाग्निशन अटेंडेंस सिस्टम लागू है, जिसके तहत करीब 16 हजार कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। यह पहला मौका है जब सिस्टम का सर्वर पूरी तरह ठप हुआ है। अपर आयुक्त वरुण अवस्थी से जब पूछा गया तो उन्होंने एसआईआर बैठक में होने की जानकारी दी। इधर, सर्वर डाउन होने की वजह से किसी की भी कर्मचारी की हाजिरी नहीं लगने के कारण कर्मचारियों में अनुपस्थित होने से वेतन कटौती की आशंका बन गई है।

### 2019 में वायु प्रदूषण कम करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू हुआ था

# भोपाल की हवा सुधारने 195 करोड़ खर्च, नहीं सुधरा एक्यूआई, मुख्य सचिव ने कहा- वायु गुणवत्ता बनाए रखने 30 तक करें प्लान प्रस्तुत

*राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में सीएस जैन के निर्देश, कचरा जलाने पर रोक हो, निर्माण कार्यों से धूल न उठे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के तहत केंद्र सरकार से भोपाल नगर निगम को इस साल 30 करोड़ रुपए का फंड मिल चुका है, लेकिन निगम अभी तक इस राशि को खर्च करने की ठोस योजना तैयार ही नहीं कर सका है। इधर पिछले छह साल में एक्यूआई सुधारने के लिए 195 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन हवा का स्तर नहीं सुधरा है।

भारत सरकार ने वर्ष 2019 में वायु प्रदूषण कम करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू किया था, जिसका लक्ष्य 2026 तक शहरों के एक्यूआई स्तर में कमी लाना है। राशि का उपयोग सड़कों के गड्ढे भरने, धूल नियंत्रण, चौक-चौराहों पर फाउंटेन लगाने, पानी का छिड़काव और प्रदूषण नियंत्रण के अन्य उपायों में किया जाना था। निगम अधिकारियों को समीक्षा के लिए तलब किया गया। स्वच्छ हवा में भोपाल का प्रदर्शन लगातार गिरता जा रहा है। हाल ही में जारी राष्ट्रीय रैंकिंग में राजधानी भोपाल को 200 में से मात्र 191 अंक मिले और यह 6वें स्थान पर रहा। वहीं, इंदौर ने 200 में से 200 अंक हासिल करते हुए देश में पहला स्थान पाया। जबलपुर भी दूसरे स्थान पर रहा। बुधवार को वल्लभ भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने प्रेजेंटेशन देकर दावा किया कि जल्द ही प्लान बनाकर काम शुरू किया जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख 7 नगरों में उच्च वायु गुणवत्ता स्तर बनाए रखने के लिए मौजूद समय के साथ ही दीर्घकालीन कार्ययोजना 30 नवम्बर तक प्रस्तुत करने के निर्देश पर्यावरण संरक्षण और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मंत्रालय में बुधवार को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में वन और पर्यावरण, लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन एवं विकास, गृह, औद्यागिक निवेश एवं प्रोत्साहन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, परिवहन आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वीसी के माध्यम से भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, सागर तथा देवास के कलेक्टर, एस पी, और नगर निगम के आयुक्त भी सम्मिलित हुए।

### मुख्य सचिव ने कहा- वायु गुणवत्ता मानक 100 के नीचे लाएं


बैठक में सीएम अनुराग ने अधिकारियों को प्रदूषण कम करने निर्देश दिए।

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि जिन शहरों में वायु गुणवत्ता का स्तर ठीक नहीं है, उनका पूरा ध्यान वायु गुणवत्ता को औसत मानक 100 से नीचे होना चाहिए। नगर निगम ध्यान दें कि कचरा जलाने पर शत-प्रतिशत रोक हो, निर्माण कार्यों से धूल न उठे और सड़कों का सुधार और पुनःनिर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करें। उन्होंने अलाव-तंदूर जैसे कारकों को इलेक्ट्रिक किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि धूल वाले स्थानों पर नियमित रूप से जल के छिड़काव करने के साथ ही पीयूसी प्राप्त वाहनों का संचालन के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जाए।

### प्रमुख विभागों का एक एक्सपर्ट ग्रुप बनाएं

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि राष्ट्रीय क्लीन एयर प्रोग्राम के मापदंडो के अनुरूप दिल्ली जैसे महानगरों में प्रदूषण के स्तर को कम कर वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किए जाने वाले उपायों को केंद्र में रखकर प्रमुख विभागों का एक एक्सपर्ट ग्रुप बनाएं और लघु तथा दीर्घ कालीन कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। मुख्य सचिव ने पराली जलाने की घटनाओं को भविष्य में भी रोकने के प्लान के अलावा वाहनों, निर्माण कार्यों और कचरे आदि में आग लगाने जैसी प्रवृत्तियों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पृथक-पृथक एक्शन प्लान बनाने के लिए कहा है।

### जन-जागरूकता अभियान की रूपरेखा बनाएं

*मुख्य सचिव जैन ने सभी विभागों और नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा कि वे जन-जागरूकता के लिए व्यापक कार्य-योजना बनाएं जिसमें उद्योग, परिवहन जैसे संघों के साथ ही समाज की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। उन्होंने औद्योगिक नीति एवं निवेश के प्रमुख सचिव से कहा कि वे विभिन्न औद्योगिक संगठनों से चर्चा कर प्रदूषण रोकने के उपायों के साथ ही सीएसआर फंड से नगरीय निकायों को आवश्यक मशीन उपलब्ध कराने में समन्वय करें।*

## बापू की कुटिया के तंदूर से निकला धुआं, 10 हजार रुपए का जुर्माना



प्रदेश के 98 फीसदी शहरों में पीएम 2.5 यानी धूल के सूक्ष्म कणों का स्तर बढ़ा हुआ है। सिंगरौली प्रदेश का सबसे प्रदूषित शहर है, जबकि भोपाल दूसरे स्थान पर दर्ज किया गया है। लगातार बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर बुधवार को निगम अमले ने बिट्टन मार्केट स्थित बापू की कुटिया रेस्टोरेंट पर तंदूर का उपयोग करने से 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। तंदूर से निकलने वाला धुआं वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जिसके चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तंदूर के खिलाफ कार्रवाई बीते कई दिनों से की जा रही है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई हुई। कुल 193 प्रकरणों में 58 हजार 350 रुपए की वसूली की गई।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वास्थ्य के मुद्दे पर वीआईटी प्रशासन का फूंका पुतला

### अभाविप ने उच्च शिक्षा मंत्री, निजी विवि आयोग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) भोपाल परिसर में पिछले कुछ दिनों से खराब भोजन एवं दूषित पेयजल के कारण छात्रों की तबीयत बिगड़ने और कथित रूप से कुछ छात्रों की मौत की खबरों के बाद परिसर में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस घटना के बाद बुधवार से प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। देर रात करीब 2 बजे बड़ी संख्या में छात्रों ने विरोध कर आक्रोश व्यक्त किया। एबीवीपी ने इस गंभीर स्थिति को संज्ञान में लेते हुए मध्यप्रदेश के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार तथा निजी विवि आयोग को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बताया कि छात्रों द्वारा शिकायत दर्ज कराने के प्रयासों के बाद भी मामलों को दबाने और दबाव बनाने जैसे आरोप सामने आए हैं, जिससे असंतोष और बढ़ गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा मामला किसी भी स्थिति में उपेक्षित नहीं किया जा सकता।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रमुख मांगें

- वीआईटी भोपाल की भोजन एवं पेयजल व्यवस्था की उच्च स्तरीय जांच तत्काल कराई जाए।
- छात्रों की सभी शिकायतों को बिना किसी दबाव के दर्ज कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- पूर्व में निजी विश्वविद्यालय आयोग द्वारा हुई जांच में गड़बड़ियां सामने आने के बाद लगाए गए आर्थिक दंड का संज्ञान लेकर पुनः समीक्षा की जाए।
- यदि प्रशासनिक लापरवाही प्रमाणित हो, तो संबंधित प्रबंधन एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के असर से फिर बदलेंगी हवाएं

# भोपाल में अभी थमेगा पारा, पूर्वी मप्र में कल के बाद बढ़ेगी सर्दी

*पूर्वी मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में 2 से 3 डिग्री तक गिरेगा पारा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में अगले दो दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। लेकिन पूर्वी मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कल के बाद रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी। प्रदेश में अभी दिन का पारा औसतन कम और रात का सामान्य से अधिक है, जो दो दिन बाद सामान्य के नीचे पहुंचने की उम्मीद है।


तेज सर्दी के बीच बुधवार सुबह कोहरा से घिरा बड़ा तालाब।

मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद पूर्वी मप्र के रात के तापमान में कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक चक्रवाती तूफान इंडोनेशिया से गुजर रहा है। एक वेलमार्क लो प्रेशर एरिया दक्षिण पश्चिमी बंगाल की खाड़ी तथा पूर्वी श्रीलंका के आसपास सक्रिय है। इसके गुरुवार तक आगे बढ़कर डिप्रेशन में बदलने की उम्मीद है। अगले 36 घंटे में तमिलनाडु और पुडुचेरी तटों की ओर बढ़ेगा। इसका असर प्रदेश में नहीं होगा, लेकिन आगामी दिनों में हवाएं बदलेंगी, जिससे प्रदेश में फिर से रात के तापमान में कमी आएगी।

### भोपाल में दिन का पारा सामान्य से कम

बुधवार को भोपाल में दिन का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 27 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1ण्7 डिग्री कम है। रात का पारा 15.4 डिग्री पर थमा रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। पश्चिमी मप्र में दिन का औसत दिन का पारा 27 और रात का 13 डिग्री रहा, जो सामान्य से क्रमशः करीब दो-दो डिग्री अधिक है। पूर्वी मप्र में दिन का पारा 26 और रात का औसतन 12 डिग्री रहा। पांच जिलों में पारा 10 डिग्री से कम रहने से मध्यम सर्दी का अहसास जारी है। इनमें नौगांव 7.8, मुरैना 8, रीवा 8.9, ग्वालियर 9.3, चित्रकूट और दतिया में रात का पारा 9.6 डिग्री रहा है।

तीन-चार लोगों के साथ दुकान में घुसे, सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी लेकर हुए फरार

# मालिक ने ड्राइवर को दी गाली - गुस्से में दुकान के भीतर घुसा और 15 मिनट में 15 लाख की टीवी और मोबाइल को तोड़कर भाग गया

घटना को अंजाम देने वाले ड्राइवर और उसके सहयोगियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अयोध्या नगर में ड्राइवर ने अपने सहयोगी के साथ रात में दुकान में घुसे और दुकान में लगी टीवी और मोबाइल में तोड़फोड़ कर दी, साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर लेकर भाग निकले। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी ड्राइवर और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है।

अयोध्या नगर पुलिस ने बताया कि फरियादी आलोक गर्ग ने शिकायत दर्ज की थी कि उनकी दुकान में तोड़फोड़ की गई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि जब वह सुबह अपनी दुकान को खोले आए तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और शटर भी खुला हुआ था। उन्होंने तत्काल प्रभाव से पुलिस को घटना की सूचना दी। फरियादी ने बताया कि उसने कुछ दिनों पहले ड्राइवर को डाटा था और गाली भी दी थी। इसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया था। संभवत इसी कारण उसने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ और 15 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी ड्राइवर के घर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले उसके सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने घटना अंजाम देने के बारे में बताया है। साथ ही उनके पास से सीसीटीवी और अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

### ऐसे दिया आरोपियों ने वारदात को अंजाम

पुलिस ने बताया कि आरोपी सोमवार-मंगलवार की रात में दुकान के भीतर दाखिल हुए। दुकान में घुसते हुए आरोपियों ने दुकान में लगे टीवी को तोड़ना शुरू दिया। दूसरे आरोपी ने काउंटर के पास जाकर मोबाइल फोन को जमीन पर पटककर तोड़ दिया। करीब 15 मिनट के भीतर आरोपियों ने दुकान का समान तिरर-बितर कर दिया और जाते समय दुकान का शटर गिरा दिया।

## सदर बाजार में अंधाधुंध फायरिंग के 3 आरोपी पकड़ाए- झांसी, औरैया और भिंड से आए थे शूटर, व्यापारी बोले-इस बार एनकाउंटर चाहिए

**भोपाल।** ग्वालियर के सदर बाजार में अंधाधुंध फायरिंग मामले में पुलिस ने घटना के 48 घंटे बाद बुधवार को 3 आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है, जिनमें एक हिमांशु यादव निवासी गुरसराय झांसी यूपी है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में यह ज्वेलरी शॉप के अंदर गोलियां चलाता नजर आ रहा है। दूसरा आरोपी अरविंद यादव है। इसकी उम्र 20 साल है। यह गैंगस्टर कपिल यादव का छोटा भाई है। इसे सदर बाजार की घटना का मास्टर माइंड बताया जा रहा है।

तीसरा आरोपी अमित यादव निवासी बड़ागांव पकड़ाया है। यह उस दिन घटना स्थल के आसपास था या नहीं इसकी पड़ताल जारी है, लेकिन 21 नवंबर को बदमाशों ने एक भाजपा नेता पर हमला किया था उसमें यह शामिल था। दूसरी ओर, 3 आरोपी अभी फरार हैं। आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित है। दो आरोपी गैंगस्टर कपिल यादव और अमन यादव 24 नवंबर की सुबह शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़े गए थे। उनके पकड़े जाने के बाद उसी दिन दोपहर में मुरार के सदर बाजार में व्यापारी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी।

### व्यापारी बदमाशों का सीधा खात्मा चाहते हैं

मुरार के व्यापारी और पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने कहा कि व्यापारियों का कहना है कि बहुत सहन कर लिया है। अब पुलिस से सीधा परिणाम चाहिए। बार-बार की खटर-पटर नहीं चाहिए। मतलब व्यापारी बदमाशों का सीधा खात्मा चाहते हैं। व्यापारियों ने पहले पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन अब समय-सीमा की चुनौती खत्म करते हुए जल्द बदमाशों की धरपकड़ करने की बात कही है।

## खबर संक्षेप

### आज से मुरलीधर महाराज सुनाएंगे श्रीराम कथा

**भोपाल।** सकल समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति गोपाल नगर खजूरी द्वारा नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा से होगा। कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय संत मुरलीधर महाराज करेंगे। कलश यात्रा सुबह 9:30 बजे माया धाम स्थित हनुमान जी मंदिर से शुरू होकर एसआरएस बालाजी खजूरीकलां रोड होते हुए कथा स्थल जंबूरी मैदान पहुंचेगी। कलश यात्रा में ढोल-ताशों, भजन-कीर्तन करते हुए भक्त शामिल होंगे। 27 नवंबर से पांच दिसंबर तक कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम चार बजे तक खजूरीकलां रोड, एसओएस बालग्राम के पास स्थित जंबूरी मैदान पंडाल में होगी।

### हरप्रीत कौर नप अध्यक्ष के चुनाव के लिए सक्रिय

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हरप्रीत कौर बिट्टू एवं त्रिलोचन सिंह बिट्टू 2010 से 2018 तक नगर में हर धार्मिक कार्य, सामाजिक कार्य एवं परिवार के कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों के दिनों में जगह बना ली है। औबेदुल्लागंज नगर परिषद में 6 साल तक अध्यक्ष पद पर रहकर सक्रिय कार्य किया। हरप्रीत कौर बिट्टू के 15 वार्डों के समर्थकों का कहना है कि हरप्रीत कौर बिट्टू और त्रिलोचन सिंह बिट्टू नगर परिषद का आगामी चुनाव लड़ना चाहिए। समर्थकों के कारण हरप्रीत कौर बिट्टू और त्रिलोचन सिंह बिट्टू ने आगामी नगर परिषद अध्यक्ष के चुनाव के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है।



### दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दोषी को 10 वर्ष की सजा

**भोपाल।** दो बच्चों की मां को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले के आरोपी मोहम्मद अकरम को विशेष न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि ने भादंसं की धारा-376 एवं 506 (2) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 5000 रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रीति श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी। पीड़िता सिलाई का काम करती थी और दो बच्चों के साथ रहती थी। दो माह पूर्व घर की पुताई के लिए पेंटर का नंबर मिलाते समय उसकी बातचीत आरोपी से हो गई, जिसने अपना नाम अमर कुशवाह बताया और बाद में व्हाट्सएप पर संपर्क बढ़ा लिया। 15 अक्टूबर 2022 को आरोपी ने नौकरी की बात कहकर पीड़िता को बोर्ड ऑफिस चौराहा बुलाया और होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद अपना असली नाम मोहम्मद अकरम बताते हुए उसे धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना एमपी नगर ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना के उपरान्त विवेचना अधिकारी ने जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0594 | | |
| दिन: | 268 | 67 | 278 |
| रात: | 190 | 00 | 334 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 148 | 30 | 389 |
| रात: | 280 | 04 | 167 |

राजधानी के गौतम नगर इलाके में हुई वारदात

# बीड़ी न पिलाने से रात को हुआ विवाद... सुबह पत्थर से सिर कुचलकर युवक की कर दी हत्या

**पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया**

◆ *आरोपी ने थाने से करीब 100 मीटर की दूरी पर वारदात को अंजाम दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गौतम नगर इलाके में पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। वारदात बुधवार सुबह करीब 5 से 6 बजे की बताई जा रही है। हत्या महज एक बीड़ी न पिलाने से नाराज होकर की गई है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

एडिशनल डीसीपी शालिनी दीक्षित के मुताबिक 50 वर्षीय सुरेश कुशवाहा मजदूरी का काम करता था और गौतम नगर थाने के करीब फुटपाथ पर सोता था। कार्तिक राठौर नाम के आरोपी ने युवक का सिर कुचलकर मौत के घाट उतारा। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी का मंगलवार जन्मदिन था। रात में वह रास्ते से गुजरते समय सुरेश के पास आया और बीड़ी मांगी। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। सुबह कार्तिक दोबारा मौके पर आया, आसपास से पत्थर उठाया और सुरेश के मुंह को कुचल दिया। इसके कुछ देर बाद वह दोबारा लौटा, ये देखने के लिए कहीं वह जिंदा तो नहीं है और एक बार और पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी।



गौतम नगर इलाके में जहां आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। इनसेट में मृतक सुरेश।

### थाने से 100 मीटर की दूर हुई वारदात

बताया जा रहा है कि आरोपी ने थाने से करीब 100 मीटर की दूरी पर वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस ने उसे दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां आए दिन मारपीट की घटनाएं होती है। इसके बाद भी पुलिस संदिग्धों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती है।

## पंचशील नगर में युवक ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी



**भोपाल।** राजधानी के पंचशील नगर इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सुसाइड नोट न मिलने के कारण आत्महत्या की वजह सामने नहीं आ सकी है।

टीटी नगर पुलिस के अनुसार शनि गायकवाड़ पिता संजय गायकवाड़ (25) पंचशील नगर में रहता था। वह पुताई का काम करता है। उसके परिवार में भी सभी लोग प्राइवेट काम तथा मजदूरी करते हैं। उसका ससुराल वैशाली नगर के पास एक बस्ती में है। पिछले पंद्रह दिन से वह अपनी ससुराल में ही रह रहा था। मंगलवार की दोपहर वह वहां से घर लौटा तो घर में उसे ताला लगा मिला। वह बालकनी के रास्ते घर के भीतर दाखिल हुआ था अंदर कमरे में जाकर फांसी लगा ली। शाम को जब परिजन वापस लौटे उन्हें शनि फंदे पर लटका मिला।

### निशातपुरा में युवक का शव बरामद

इधर, निशातपुरा पुलिस ने करोंद इलाके के तड़का होटल पीछे नाले से एक युवक की लाश बरामद की है। मृतक की उम्र करीब 30 साल है। मौक से पुलिस को शराब की बोतल भी मिली है। पुलिस का अनुमान है कि शराब के नशे में वह नाले के नजदीक लघुशंका के लिए पहुंचा होगा, पैर फिसलने के कारण वह नाले में गिर गया। चूंकि वह अत्यधिक नशे में था, इसलिए वहां से उठ नहीं पाया। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि अभी इस हुलिए के युवक को इलाके में देखा नहीं गया था।

ईदगाह हिल्स की 60 लाख की चोरी का खुलासा

## पड़ोस में रहने वाले मामा-भांजे ने की चोरी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

◆ *पुलिस को सिर्फ 12 लाख का माल मिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ईदगाह हिल्स स्थित ब्राइट कॉलोनी में जुलाई महीने में हुई 60 लाख की चोरी की वारदात का खुलासा शाहजहांनाबाद पुलिस ने कर दिया है। चोरी की वारदात को अंजाम मामा और भांजे ने मिलकर दिया था। दोनों फरियादी के पड़ोस में रहते हैं। हालांकि पुलिस ने इस मामले में महज 12 लाख रुपए के सामान ही बरामद किया है।

पुलिस का कहना है कि चोरी का माल जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के एक ज्वेलर्स के पास बेचा था, लेकिन उसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं की जा सकी है। वारदात से पूर्व मिर्जा इफ्तेखार बेग (69) अपनी पत्नी रक्षा बेग के साथ परवलिया स्थित दामाद के फॉर्म हाउस गए हुए थे। घर आने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर जब अलमारी देखी तो उसमें रखे पत्नी और बेटी की ज्वेलरी गायब थे, जिनकी कुल कीमत 60 लाख रुपए थी। फरियादी ने शाहजहांनाबाद थाने पहुंचकर बेटी निदा मिर्जा के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि चोरी गई ज्वेलरी की सूची और बिल बाद में सौंपे जाएंगे।

### एफएसएल टीम ने किया था निरीक्षण

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रकरण दर्ज कर लिया। एफएसएल टीम से स्पॉट का निरीक्षण कराया गया। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। इसके आधार पर पड़ोसी यूसुफ सिद्दीकी और उसके भांजे अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया है।

### चाकूबाजी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

राजधानी में देर रात चाकू बाजी करने की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार की देर रात हनुमानगंज जिला के में फरियादी इरफान कुरैशी ने मामला दर्ज कराया था कि रात में रईस उम्र और फारूक ने छुरी से हाथ पैरों पर हमला किया है। इसके साथ-साथ मारपीट भी की है। इस मामले की जांच पुलिस ने शुरू की और मंगलवार को आरोपियों को काजी कैंप इलाके से गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को पुराना रिकॉर्ड रहा है। पुलिस को सूचना मिली थी की रईस, फारुख कुरैशी और सईद तीनों चाय की दुकान पर बैठे हुए हैं। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया और थाने में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने गुना स्वीकार कर लिया है।

लोगों ने घेरा तो कार लेकर भागा चालक

## मोपेड चालक पर चढ़ाई कार 10 फीट तक घसीट ले गया

सागर के गोपालगंज थाना क्षेत्र के काली तिगड्डा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर के गोपालगंज थाना क्षेत्र के काली तिगड्डा के पास बुधवार को कार ने मोपेड चालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोपेड सामने से आ रही बाइक में जा लगी। वहीं चालक कार के नीचे आ गया। घटना देख आसपास लोग इकट्ठे होगए और मौके पर जमा लग गया। लोगों ने कार चालक को रोका, लेकिन वह तेज रफ्तार में कार लेकर वहां से भाग निकला। घटना में कार के नीचे फंसा व्यक्ति करीब 10 फीट पर घिसटता गया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे का सारा मामला पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस की प्राथमिक जांच में मृतक की पहचान दुर्गा रैकवार (55) निवासी इतवारी टौरी के रूप में हुई है। मृतक की काली तिगड्डा के पास टैंट हाउस की दुकान है।

घटना के समय मृतक दुकान से पास में लगे टैंट को देखने जा रहे थे। तभी बस स्टैंड की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर गोपालगंज पुलिस कार की तलाश कर रही है। कार बंडा क्षेत्र की होना बताई जा रही है।





कांग्रेस नेता परेश नागर लोगों को भारत के संविधान के बारे में बताते हुए।

## संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है: नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर ने बुधवार को संविधान दिवस पर लोगों को भारत के संविधान के बारे में बताते हुए कहा कि भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक पवित्र वादा है।

चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा। संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है, उनकी शक्ति हर एक नागरिक की आवाज़ है। जब तक संविधान सुरक्षित है, हर भारतीय के अधिकार सुरक्षित हैं। हम संकल्प लें कि हम संविधान पर आक्रमण नहीं होने देंगे। संविधान इसपर होने वाले हर प्रहार के सामने सबसे पहले खड़ा रहूंगा।

संविधान दिवस पर पटवा ने दी शुभकामनाएं, कहा-

## संविधान केवल अधिकारों का स्रोत नहीं, बल्कि कर्तव्यों, अनुशासन और राष्ट्रहित की प्रेरणा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने बुधवा को बताया कि हमारा संविधान केवल अधिकारों का स्रोत नहीं, बल्कि कर्तव्यों, अनुशासन और राष्ट्रहित की प्रेरणा भी है। आइए, इसके आदर्शों व मूल्यों को आत्मसात कर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व में नंबर वन पर लाने का प्रयास संविधान के तहत किया। आज भाजपा शासन में माताओं, बहनों, लाडली बहनों, छात्र-छात्राओं को संविधान के तहत उनका सम्मान बढ़ाया है। पटवा ने संविधान दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी।



## मासूम से दरिंदगी के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं साध्वी संजना दीदी और भाजपा के नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सकल हिंदू समाज के आह्वान पर बुधवार को 6 साल की मासूम के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग गौहरगंज में एकत्रित होकर धरना-प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। प्रदर्शनकारी आरोपी युवक की शीघ्र गिरफ्तारी, एनकाउंटर या मृत्युदंड की सजा की मांग कर रहे थे। इस दौरान साध्वी संजना दीदी, वरिष्ठ मनीष उपाध्याय, भाजपा नेता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।



गौहरगंज में बुधवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान साध्वी संजना दीदी, वरिष्ठ मनीष उपाध्याय, भाजपा नेता व अन्य।

सकल हिन्दू समाज के आह्वान पर किया विरोध प्रदर्शन

# गौहरगंज में 6 वर्षीय मासूम के साथ हुई हैवानियत के विरोध में मंडीदीप में रहा बंद

शहर के निजी स्कूल-कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

गौहरगंज में छह दिन पहले एक 6 वर्षीय बच्ची के साथ हुई हैवानियत के विरोध में सकल हिन्दू समाज के आह्वान पर बुधवार को मंडीदीप बंद का ऐलान किया गया था। जनता ने बंद को भरपूर समर्थन दिया और शहर के सभी व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों को पूरी तरह बंद रखा।

बुधवार सुबह से ही मंगल बाजार, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड सहित पूरे शहर का व्यापारिक क्षेत्र शांतिपूर्वक बंद रहा। दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान सब बंद रहे। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी न के बराबर रही।

शहर के निजी स्कूल-कॉलेज संचालकों ने भी सामाजिक जिम्मेदारी दिखाते हुए पूरे दिन अवकाश घोषित कर दिया। बंद के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बंद शांतिपूर्ण रहा और लोगों ने मौन प्रदर्शन के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की। सकल हिन्दू समाज ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और बच्ची को न्याय दिलाने की मांग दोहराई है। संगठन का कहना है कि जब तक दोषी को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलेगी, आंदोलन जारी रहेगा। मंडीदीप सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों में भारी रोष है और बच्ची के साथ हुई बर्बरता को लेकर हर वर्ग आक्रोशित है।



बच्ची के साथ हुई हैवानियत पर मंडीदीप में व्यापारियों ने दुकानें बंद कर विरोध जताया।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिलने एम्स पहुंचे पीसीसी चीफ पटवारी

### हिंदू संगठन ने दी भोपाल बंद की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन जिले के गौहरगंज में विगत दिनों 6 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म की घटना पर राजनीतिक और सामाजिक आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। एक ओर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एम्स पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से मिले और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी व कड़ी से कड़ी सजा की मांग उठाई। घटना के बाद शहर में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने 5 दिन में आरोपी के न पकड़े जाने पर भोपाल बंद का अल्टीमेटम दे दिया है।



जीतू पटवारी



चंद्रशेखर तिवारी

रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत ने पूरे प्रदेश को हिला दिया है। एक ओर कांग्रेस ने सरकार और पुलिस प्रशासन को कठघरे में खड़ा करते हुए तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

## यूआईटी आरजीपीवी में ब्लड डोनेशन ड्राइव का किया आयोजन

**भोपाल।** राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के यूआईटी में एनसीसी यूनिट द्वारा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन एनएसएस यूनिट, हमीदिया अस्पताल भोपाल एवं एचडीएफसी बैंक के सहकार से किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो एससी चौबे, डायरेक्टर प्रो सुधीर सिंह भदौरिया, विश्वविद्यालय के एनसीसी-एनएसएस समन्वयक डॉ. शशिरंजन अकेला सहित एनओ डॉ कौस्तुभ द्विवेदी, डॉ पुनीत टंडन, डॉ. अविनाश राय एवं ब्रजेन्द्र गौड़ सहित एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। ब्लड डोनेशन ड्राइव में 62 यूनिट रक्त का दान किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर संगठन को मजबूत बनाने में जुटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को सागर के भाजपा संभागीय कार्यालय में सागर एवं सागर ग्रामीण जिले की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर संगठन को मजबूत करने में जुटें। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय भी एसआईआर हुआ था। निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर आवश्यक है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने सागर एवं सागर ग्रामीण जिले के सांसद, जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा चुनाव-2023 के प्रत्याशियों को संबोधित कर कोर ग्रुप की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यकर्ता जनता और सरकार के बीच की कड़ी बनकर कार्य करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक के पूर्व संविधान दिवस पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर संविधान की प्रति को नमन किया। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता की लालच में समाज को समाज से लड़ाने का कार्य किया।

## सागर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने ली बैठक, कार्यकर्ताओं के साथ मनाया संविधान दिवस

बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के बनाए संविधान से भारत का लोकतंत्र मजबूत बना: खंडेलवाल



सागर में बाबा साहेब को नमन करते भाजपा पदाधिकारी, मंत्री, विधायक।



संविधान दिवस पर मंच पर राष्ट्रगान करते अतिथि।

### कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनके कल्याण के लिए कार्य करें, भाजपा संगठन स्वयं करता है कार्यकर्ताओं की चिंता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनके कल्याण के लिए कार्य करें। पार्टी संगठन कार्यकर्ताओं की चिंता स्वयं कर रहा है। कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें, उसकी चिंता करें। संगठन सभी कार्यकर्ताओं को समय-समय पर कार्य करने का अवसर अवश्य देता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, यहां न तो कोई छोटा होता है और न ही बड़ा। सभी कार्यकर्ता समान होते हैं, सिर्फ दायित्व अलग-अलग होता है। इसलिए सभी कार्यकर्ता स्वयं की चिंता छोड़कर पार्टी संगठन और विचारधारा को आगे रखकर कार्य करें। आप सभी अपने संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए कार्य करें, ताकि भाजपा आने वाले सभी चुनावों में हर बूथ और हर मंडल को ऐतिहासिक महुमत से जीत सके।

### एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग करें भाजपा कार्यकर्ता

*खण्डेलवाल ने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) निर्वाचन आयोग पहली बार नहीं करा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू और स्व. इंदिरा गांधी के समय में भी निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का अभियान चलाया था। यह प्रक्रिया हर 20-25 साल में निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए चलाया जाता है। इस अभियान में फर्जी मतदाताओं को चिन्हित किया जाकर उनका समाधान किया जाता है। भाजपा कार्यकर्ता यह अवश्य देखें कि आपके बूथ, क्षेत्र में ऐसे किसी व्यक्ति का नाम तो नहीं है, जो वहां नहीं रहता। अगर ऐसा कोई संदिग्ध मतदाता का नाम मिलता है तो आपत्ति दर्ज कराएं।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का रोड शो में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

*खण्डेलवाल का सागर में रोड शो के दौरान जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। रोड शो मोती नगर चौराहे से प्रारंभ होकर बी एस जैन बंगला, शीतला माता चौरहा, सागर सरोज चौराहा, संविधान चौक होते हुए भाजपा संभगीय कार्यालय पहुंचा। संविधान चौक पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक खण्डेलवाल ने संविधान दिवस पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। रोड शो के मार्ग के दोनों तरफ लोग और संगठनों ने मंच लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।*

---

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- गौतमपुरा में खुलेगा महाविद्यालय, पीएचसी अब सीएचसी में होगा अपग्रेड

# इंदौर से देपालपुर तक 745 करोड़ रुपए से बनाई जाएगी फोरलेन रोड

**इंदौर से हातौद तक बनाई जाएगी फोरलेन सड़क बनाने का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर जिले के गौतमपुरा में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

इनमें इनगोरिया से देपालपुर तक मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी शामिल है। यह 10 मीटर चौड़ी सड़क होगी, जो देपालपुर और बड़नगर विधानसभा क्षेत्रों को आपस में जोड़ेगी।

**खास बातें**

- इनगोरिया से देपालपुर तक मार्ग निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन
- किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम




गौतमपुरा में आयोजित समारोह में विकास कार्यों का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की प्रमुख घोषणाएं

*स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर से देपालपुर तक फोरलेन रोड के निर्माण की घोषणा की। यह 37 किमी लंबी रोड होगी, जिसके निर्माण पर करीब 745 करोड़ रुपए खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने गौतमपुरा में महाविद्यालय खोलने तथा यहां के वर्तमान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में प्रोन्नत (अपग्रेड) करने की घोषणा की। अब यहां एक सर्वसुविधायुक्त बड़ा अस्पताल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इंदौर से हातौद तक फोरलेन सड़क बनाने की बात भी कही।*

### एक-एक खेत तक पहुंचाएंगे पानी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में किसान हितैषी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे हमारा प्रदेश कृषि के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी बना रहे। किसानों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार भावांतर की राशि दे रही है, वहीं केन्द्र सरकार से किसानों को सम्मान निधि भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी खेत सिंचाई सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। हम एक-एक खेत तक पानी पहुंचाएंगे। देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में 1538 करोड़ रुपए की लागत से 27 हजार हेक्टेयर रकबे को सिंचित करने के लिए चंबल नदी पर एक बैराज बनाया जा रहा है। इससे विधानसभा क्षेत्र के 75 गांव लाभान्वित होंगे।*

### प्रदेश में चल रहा है विकास का दौर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर पॉवर पम्प के जरिए हम किसानों को ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इससे किसान अपनी बिजली से ही अपना खेत-अपना घर-अपनी दुकान रोशन कर सकेंगे। बिजली बिल का झंझट अब खत्म हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास का दौर चल रहा है। यह क्रम आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि मालवा ऋषि-मुनियों की धरती रही है। गौतमपुरा सदियों पहले ऋषि गौतम की कर्मभूमि रहा है। विश्व को गीता का ज्ञान देने वाले भगवान श्रीकृष्ण के सम्मान में आने वाली 1 दिसम्बर को गीता जयंती पूरे मध्यप्रदेश में मनाई जाएगी।*

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह आकाशवाणी का उज्जैन केन्द्र है, ऐसा सुनने की हसरत अब जाकर पूरी हुई है। आकाशवाणी का भवन तैयार था, परंतु प्रसारण की मंजूरी के कारण अटका था। मंजूरी मिलने के मात्र 6 माह में उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण प्रारम्भ हो गया है। यह प्रदेश का 20 वां आकाशवाणी केन्द्र है। इस केंद्र से निकले एक-एक शब्द उज्जैन और सिंहस्थ की प्रतिष्ठा होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में आकाशवाणी उज्जैन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उज्जैन जिले को भी सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से उज्जैन जिले के लिए करीब 179 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



#### आकाशवाणी के कार्यक्रम गांव-गांव तक उज्जैन और सिंहस्थ की महिमा पहुंचाएगी: डॉ. यादव

आकाशवाणी के कार्यक्रम, इसकी प्रस्तुति गांव-गांव तक उज्जैन और सिंहस्थ की महिमा पहुंचाएगी। मुझे विश्वास है कि आकाशवाणी अपना यह दायित्व, पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनोरंजन के साथ आकाशवाणी ने समाज सेवा और जन-जागरूकता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उज्जैन से होने वाला प्रसारण आकाशवाणी के इतिहास में नई इबारत लिखकर चार चांद लगाएगा। यहां रोजाना सुबह 5.55 बजे से प्रारंभ होकर रात 11 बजे तक लगातार प्रसारण जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न मार्गों के निर्माण और उन्नयन कार्य, 32 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से शासकीय धनवंतरी आयुर्वेदिक महाविद्यालय में 250 सीटर बालक और बालिका छात्रावास का निर्माण, 8 करोड़ 37 लाख की लागत से रेप्टाइल पार्क एवं स्नेक पार्क तथा करीब 3 करोड़ की लागत से हाईटेक नर्सरी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

---

### जनसंपर्क विभाग में जायसवाल अपर संचालक बने

## अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपम राजन को जनसंपर्क विभाग का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव (एसीएस) अनुपम राजन को जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। जनसंपर्क मिलाकर उन्हें तीन विभागों की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसीतरह राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर नर्मदापुरम में पदस्थ गणेश कुमार जायसवाल को जनसंपर्क में अतिरिक्त संचालक के पद पर पदस्थ किया गया।



सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) से देर रात जारी आदेश के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग के अपर प्रमुख सचिव अनुपम राजन को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, संसदीय कार्य विभाग और जनसंपर्क विभाग का प्रभार दिया गया है। इसी तरह विधानसभा शुरू होने से पहले संसदीय कार्य विभाग की जिम्मेदारी राजन को दी गई है।

दरअसल, एक दिसंबर से 5 दिसंबर के बीच विधानसभा का शीतकालीन सत्र आयोजित हो रहा है। इस बीच विधानसभा में हुए फैसले और सवाल-जवाब के लिए एसीएस अनुपम राजन को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। जनसंपर्क विभाग में गणेश कुमार जायसवाल को नियुक्त किया गया है। जायसवाल अभी उपयुक्त नर्मदापुरम में पदस्थ थे। उन्हें प्रशासकीय आधार पर तत्काल प्रभाव से जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक बनाया गया है।

## पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा- सरकार को अस्थिर करने में लगे हैं कुछ मंत्री

**भोपाल।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मध्य प्रदेश में मंत्रियों का एक समूह सरकार को अस्थिर करने का काम कर रहा है। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल में आपसी झगड़े चल रहे हैं। मंत्रियों का एक समूह बना है। इस समूह का काम है मध्य प्रदेश की सरकार को अस्थिर करना। वो दिल्ली में, संघ में रोज शिकायतें करते हैं। भाजपा के अंदर बुराई करते हैं। पटवारी ने ये बयान कैबिनेट बैठक में हुई घटना पर दिया है। पीसीसी दफ्तर में बुधवार को पटवारी ने कहा- विपक्ष होने के नाते हमारा दायित्व ये नहीं है कि मंत्री आपस में लड़ें तो हम खुश हों। हमारा दायित्व ये है कि मध्य प्रदेश समृद्ध बने, सरकार काम करे और हम उसमें सहयोग करें। मंत्रियों और प्रशासनिक अमले पर नियंत्रण नहीं पीसीसी चीफ ने आगे कहा- मैं कई बार कह चुका हूं कि मंत्रियों और प्रशासनिक अमले, कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री का नियंत्रण नहीं है। मंत्रियों का आपसी मतभेद प्रदेश के भविष्य को बिगाड़ रहा है।



---

### सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम में जल्द ही अविनाश जाएंगे केंद्र

## आईएएस विवेक अग्रवाल को संस्कृति मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र में पदस्थ एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल को वर्तमान दायित्वों के साथ कल्चर मिनिस्ट्री की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके एक हफ्ते पहले एमपी कैडर में पदस्थ अपर सचिव स्तर के अधिकारी अविनाश लवानिया को सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत दिल्ली में पदस्थ किया गया है, जिसके लिए राज्य सरकार जल्द ही उन्हें रिलीव करेगी।

भारत सरकार के कैबिनेट अपाइंटमेंट्स कमेटी (डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग) ने बुधवार को जारी आदेश में केंद्र में टूरिज्म मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ एमपी कैडर के 1994 बैच के अधिकारी विवेक अग्रवाल को सचिव संस्कृति (कल्चर) मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से सौंपा है। वे अपने वर्तमान दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। टूरिज्म और कल्चर डिपार्टमेंट वर्तमान में केंद्र की और एमपी की सरकारों की प्राथमिकता में हैं। इसके पहले एमपी कैडर के एक अन्य अधिकारी 2009 बैच के अविनाश लवानिया की पदस्थापना सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत किसान कल्याण और कृषि विभाग दिल्ली में पांच साल की अवधि के लिए की गई है।

केंद्र सरकार ने एमपी के चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखकर तीन हफ्ते में लवानिया को दिल्ली में हुई पदस्थापना के लिए रिलीव करने के निर्देश दिए हैं। लवानिया अभी एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी के एमडी हैं। इसके पहले पिछले माह एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी प्रीति मैथिल और सूफिया फारुकी वली की पदस्थापना केंद्र सरकार की अधीन हो चुकी है। हालांकि ये दोनों ही अधिकारी ट्राइफेड और एफसीआई में एमपी में ही पदस्थ रहकर काम कर रही हैं।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर जताया शोक

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आईएनएच न्यूज चैनल और हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी के पिता श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी के स्वर्गवास का समाचार अत्यंत दुःखद है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त करते स्वर्गीय श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी की आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं एवं शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।



### वीडी ने कहा- एसआईआर देश की सबसे बड़ी आवश्यकता

## नक्सली हिड़मा के मरने से दिग्विजय सिंह को पीड़ा उन्हें हमेशा ऐसे मुद्दों पर होता है 'दर्द': सांसद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो में बुधवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि उन्हें हमेशा कई मुद्दों पर 'दर्द' होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मोहन चंद्र शर्मा की शहादत को दिग्विजय सिंह ने 'फर्जी एनकाउंटर' बताया था और वे आतंकवादियों से मिलने गए थे। जिन्हें बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई।



#### एसआईआर देश की सबसे बड़ी आवश्यकता

इस दौरान सांसद शर्मा ने 'एसआईआर' को देश की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि भारत को अस्थिर करने का प्रयास करने वाले लोग फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्र बनाकर मतदाता सूची में घुसपैठ करते हैं। ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना और उन्हें मतदाता सूची से हटाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी क्षेत्र में ऐसा कोई फर्जी मतदाता पाया जाता है, तो उसे तुरंत चिन्हित किया जाए।

#### दिग्विजय सिंह को एनकाउंटर फर्जी लगा

शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश के आशीष शर्मा जब नक्सलियों से लड़ते हुए शहीद हुए, तब भी दिग्विजय सिंह को यह एनकाउंटर फर्जी लगा। सांसद शर्मा ने कहा कि हिड़मा जैसे खूंखार नक्सली के मारे जाने पर भी उन्हें पीड़ा हुई। उन्होंने देश से ऐसे विचारों पर गंभीर चिंतन करने का आग्रह किया। सांसद शर्मा ने आरोप लगाया कि देश में घुसपैठियों को लेकर सबसे अधिक चिंता उन लोगों को होती है, जो भारत को अस्थिर होते देखना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरपंच से लेकर सांसद तक के लिए एक ही मतदाता सूची का प्रावधान चुनाव आयोग का एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

### एमपी आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा

## 19 दिसंबर से भोपाल आईएएस सर्विस मीट तीन दिन कला-कौशल दिखाएंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में 19 दिसंबर से आईएएस सर्विस मीट का आयोजन होगा। तीन दिन तक चलने वाली इस सर्विस मीट का शुभारंभ सीएम डॉ मोहन यादव करेंगे।

एमपी आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव ने 2025 की आईएएस सर्विस मीट 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित होने की पुष्टि की है। एसोसिएशन ने आईएएस सर्विस मीट 2025 की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जिलों में पदस्थ सहायक कलेक्टर, कलेक्टर, संभागायुक्त से लेकर प्रमुख सचिव और मुख्य सचिव तक सभी शामिल होंगे। सर्विस मीट का शुभारंभ इस बार भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। प्रशासन अकादमी में शुभारंभ समारोह के बाद अरेरा क्लब में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बोट क्लब में बोटिंग रेस भी होगी। शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाटक, फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियाँ और रैम्प वॉक का आयोजन शामिल रहेगा। अधिकारी इन तीन दिनों में एक साथ मिलकर मस्ती और उत्सव का आनंद लेंगे।

हर साल की तरह इस बार भी टीमों के गठन और तीन दिनों तक चलने वाले आयोजनों की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं।

### कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव आयोग को सौंपेंगे ज्ञापन

## आज चुनाव आयोग का घेराव करेगी युवा कांग्रेस विपक्षी मतदाताओं को सूची से हटाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

27 नवंबर को युवा कांग्रेस भोपाल में चुनाव आयोग कार्यालय का घेराव करने जा रही है। संगठन का दावा है कि भाजपा एसआईआर प्रक्रिया को वोट चोरी का हथियार बनाकर लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला कर रही है, और अब इस अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का समय आ गया है।

मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर बड़ा राजनीतिक घमासान खड़ा हो गया है। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर भाजपा चुनाव जीतने के लिए टारगेटेड डिलीशन करा रही है यानी खास वर्गों और विपक्षी गढ़ों में हजारों मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। इसी विरोध में युवा कांग्रेस ने 27 नवंबर को चुनाव आयोग कार्यालय का विशाल घेराव करने की घोषणा की है। युवा कांग्रेस का दावा है कि प्रदेशभर से हजारों कार्यकर्ता भोपाल में प्रदर्शन करेंगे, जिसमें एसआईआर की प्रक्रिया को अवैध, पक्षपातपूर्ण और लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



#### निर्वाचन आयोग भाजपा का एजेंट बन गया है

*प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और मध्यप्रदेश प्रभारी चौहान ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा और केंद्र सरकार के लिए काम कर रहा है। मतदाता सूची से नाम हटाने की कार्रवाई लक्षित तरीके से हो रही है। आयोग अपनी निष्पक्षता खो चुका है और एक राजनीतिक दल की छाया बन गया है। चौहान ने आरोप लगाया कि कई विधानसभा क्षेत्रों में बिना सूचना दिए हजारों वास्तविक मतदाताओं के नाम काट दिए गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि जब शिकायत दर्ज कराई जाती है, तब भी सुधार नहीं होता।*

## पेज एक का शेष....

### स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी...

के साथ ही अन्यत्र स्थानों से आए लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इससे पहले सुबह से ही स्व. द्विवेदी को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। उनके निवास पर राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी हुए शामिल:** अंतिम यात्रा में शहर व आसपास से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसमें राजनेता, जनप्रतिनिधि, सांसद, शहर के गणमान्य लोग, मीडिया से जुड़े लोग शामिल थे। पार्थिव शरीर लेकर वाहन जैसे ही मुक्तिधाम पहुंचा, पूरा वातावरण भावुक हो उठा। मुक्तिधाम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौड़, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, डॉ. एएस भल्ला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, एडवोकेट पवन पाठक, डॉ. अशोक मिश्रा सहित शहर के अनेक वरिष्ठ जन मौजूद रहे। इनके साथ ही साथ पारिवारिक सदस्यों में उनके छोटे पुत्र एडवोकेट रवि द्विवेदी व परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे। परिजनों व अन्य लागों ने भारी मन से अपने प्रियजन को अंतिम विदाई दी।

### प्रदर्शन करते हुए...

ही यूनिवर्सिटी कैंपस को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पैरा मिलिट्री फोर्स की भारी तैनाती की गई है और बाहर से किसी भी व्यक्ति को अंदर आने की इजाजत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी कैंपस में बुलाया गया। टीम ने मेडिकल टेस्ट के लिए सभी छात्रों के ब्लड सैंपल लिए। प्रदर्शन के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से 30 नवंबर तक यानी पांच दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। इसके बाद छात्र-छात्राएं अपना सामान लेकर घरों की ओर लौटने लगे हैं। छात्रों का आरोप है कि उन्हें यूनिवर्सिटी की तरफ से कोई साधन नहीं मिला, जिसके कारण बड़ी संख्या में छात्र पैदल ही बस स्टॉप की ओर निकल पड़े, जिससे यूनिवर्सिटी मार्ग पर लंबा जाम लग गया।

**प्रबंधन ने दी सफाई:** वीआईटी के रजिस्ट्रार केके नायर ने एक वीडियो जारी कर कुछ मीडिया रिपोटर्स में छात्रों की मृत्यु की बात को बेबुनियाद बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ छात्राओं में पीलिया के लक्षण मिले थे, जिनका इलाज कराया गया है और उनकी हालत में सुधार है। उन्होंने भ्रामक जानकारी न फैलाने का अनुरोध किया।

**फैकल्टी का शव मिला :** इधर, नगर के चाणक्यपुरी क्षेत्र में एक वीआईटी यूनिवर्सिटी फैकल्टी का शव उनके किराए के मकान में मिला है। मृतक की पहचान संग्राम केसरी दास के रूप में हुई है, जो आष्टा के पास स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रॉनिक्स विषय के प्रोफेसर थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस-प्रशासन ने ....

एसडीओपी आकाश अमलकर ने छात्रों से चर्चा की, उनके मुद्दे सुने और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। वीडियो में कुछ वार्डन/ गार्ड छात्रों के साथ मारपीट करते दिखे, मामले में पुलिस ने कुछ लोगों पर बलवा, आगजनी, तोड़फोड़ एवं अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

### वीआईटी मामले में ....

निजी विश्वविद्यालय आयोग को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। मप्र निजी विवि विनियामक आयोग ने जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। यह जांच समिति अधिकतम तीन दिन में वीआईटी भोपाल, विवि सीहोर में उपस्थित होकर विवि प्रबंधन, विद्यार्थियों और स्टाफ से जानकारी लेकर जांच प्रतिवेदन आयोग में प्रस्तुत करेगी। मप्र निविवि आयोग के सचिव, डॉ. देवेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा जारी आदेश के अनुसार समिति में शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्यि महाविद्यालय, भोपाल के प्राचार्य प्रो. अनिल शिवानी, शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. संजय दीक्षित और शासकीय गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. लोकेंद्र दवे शामिल हैं।

### प्रकृति के मार ...

घर-आंगन में खुशहाली और आर्थिक समृद्धि लाना ही हमारी सरकार का मूल लक्ष्य है। हम प्रदेश के हर किसान को उसके द्वारा उत्पादित फसल का समुचित दाम दिलाएंगे।

### सरकार नोटिस...

आपसी वैमनस्यता उत्पन्न करने वाला प्रतीत होता है, जो भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों से अपेक्षित आचरण के अनुरूप नहीं होकर अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। आपके द्वारा अखिल भारतीय सेवाएं (आचरण) नियम 1968 के नियम का उल्लंघन है। क्यों न आपके विरुद्ध अखिल भारतीय सेवाएं नियम 1969 के नियम 10 (1) ए के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। नियम समय पर आपका उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जा सकेगी। बताया जा रहा है कि वर्मा के पुराने मामले और पेंडिंग शिकायतों को भी सरकार खोल सकती है।
बता दें पिछले दिनों अजाक्स संगठन के प्रांतीय अधिवेशन के दौरान संतोष वर्मा को संगठन का नया प्रांताध्यक्ष चुना गया। अपने भाषण में संतोष वर्मा ने कहा कि, जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान नहीं देता या उससे संबंध नहीं बनता, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में आरक्षण तब तक रहेगा, जब तक रोटी-बेटी का व्यवहार समान नहीं होता। जिसके बाद ब्राह्मण समाज द्वारा तीखा विरोध कर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### चुनाव आयोग....

1 दिसंबर 2025 तक जवाब दाखिल करना होगा। केरल मामले की अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी। बाकी सभी मामलों की सुनवाई 9 दिसंबर को होगी। पश्चिम बंगाल में बीएलओ की मौत के मामले में भी 1 दिसंबर तक जवाब मांगा गया है।
मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि तमिलनाडु एसआईआर मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। केरल याचिका में स्थानीय निकाय चुनावों के कारण एसआईआर को स्थगित करने की मांग की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने बताया कि यह याचिका पहले ही मद्रास हाईकोर्ट में दाखिल है। कोर्ट ने केरल के लिए अलग से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। वहीं, पश्चिम बंगाल याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि एसआईआर के दौरान 23 बीएलओ की मौत हो चुकी है। कोर्ट ने इस गंभीर आरोप पर पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव कार्यालय से भी 1 दिसंबर तक जवाब तलब किया है।

### औपनिवेशिक मानसिकता....

शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संविधान औपनिवेशिक मानसिकता छोड़कर राष्ट्रवादी सोच अपनाने का मार्गदर्शक दस्तावेज है। इस दौरान अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि 26 नवंबर, 1949 को संविधान भवन के इसी केंद्रीय कक्ष में, संविधान सभा के सदस्यों ने भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने का कार्य पूरा किया था। उसी वर्ष, इसी दिन, हम भारत के लोगों ने, अपने संविधान को अंगीकार किया था। स्वतंत्रता के बाद, संविधान सभा ने भारत की अंतरिम संसद के रूप में भी कार्य किया। प्रारूप समिति के अध्यक्ष, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, हमारे संविधान के प्रमुख निर्माताओं में से एक थे। संविधान दिवस समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारे संविधान निर्माता चाहते थे कि हमारे व्यक्तिगत, लोकतांत्रिक अधिकारों की सदैव रक्षा हो। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना देश की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करके, राष्ट्र को एक अहंकारी राजनीतिक बाधा से मुक्ति मिली है। नारी शक्ति के माध्यम से महिला नेतृत्व वाले विकास की शुरुआत होगी।

### गौहरगंज में कर्फ्यू ....

करने लगा। इसी दौरान भीड़ में से कुछ लोगों न पत्थरबाजी भी कर दी, जिसके बाद लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इस धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। देखते ही देखते हालात कर्फ्यू जैसे बन गए। तमाम लोग घरों में कैद हो गए जबकि घटना के विरोध में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं। वारदात के बाद शहर में लगातार पांचवें दिन विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान लोगों ने आरोपी सलमान की गिरफ्तारी की मांग की। साथ फांसी देने और एनकाउंटर करने जैसे नारे भी सुने गए। इधर, राज्य सरकार ने आरोपी सलमान की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण मंगलवार देर रात पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय को हटाकर पुलिस अधिकारी आशुतोष गुप्ता को नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तार के लिए 20 पुलिस टीमें काम कर रही हैं। वारदात के बाद से आरोपी सलमान फरार है। ऐसे में समाज के विभिन्न संगठन इस मामले को लेकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते रोज इस मामले में कार्रवाई करते हुए एसपी और थाना प्रभारी को हटाने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने आरोपी के बारे में सुराग देने वालों के लिए इनामी राशि बढ़ाकर 30 हजार रुपए कर दी है। इसके बाद भी आरोपी पकड़ से बाहर है। ऐसे में आरोपी की गिरफ्तारी न होने से प्रदर्शन और उग्र होते जा रहे हैं। इसी बीच बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे भोपाल के एम्स में भर्ती किया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

**दिनभर चलती रहीं अफवाहें:** बुधवार की सुबह पूरे क्षेत्र में अफवाहों का दौर भी चलता रहा। कोई कह रहा था आरोपी सलमान वहां देखा गया तो कोई कहता है कि नहीं वो कोई और था। इसी बीच खबरें ये भी आई के कुछ धार्मिक स्थल और विशेष वर्ग के घरों पर भी पत्थरबाजी होने के कारण दोनों तरफ से पत्थरबाजी हुई है और कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है।

**CHANGE OF NAME**

I , hitherto known as **VANKATAJALATHY IYER KARPAGAM** W/O: L . BALARAMAN, R/O Flat No. 305, C- Block, BCM Paradise, Near Tulsi Nagar, VTC: Indore, PO: Vijay Nagar, District: Indore, Madhya Pradesh, 452010 have changed my name and shall hereafter be known as **B. KARPAGAM**

## भारत में स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 के एपिसोड आज होंगे स्ट्रीम



**लॉस एंजिल्स।** मिली बॉबी ब्राउन स्टारर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5, लगभग तीन साल के इंतजार के बाद ओटीटी पर रिलीज होने को तैयार है। साइंस-फिक्शन कहानी का पहला सीजन साल 2016 में शुरू हुआ था। सीजन 5 में उन सवालों के जवाब मिलेंगे जो सीजन चार में अधूरे रह गए थे। नेटफ्लिक्स 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के पहले चार एपिसोड 26 नवंबर कर दिया है। क्रिसमस पर तीन एपिसोड और न्यू ईयर की शाम को फिनाले एपिसोड रिलीज करेगा। भारत में ये सभी एपिसोड 27 नवंबर से सुबह 6:30 बजे से स्ट्रीम होंगे। पांचवें सीजन की रिलीज की तारीखें इस तरह हैं। वॉल्यूम 1: 27 नवंबर, वॉल्यूम 2: 26 दिसंबर 2025, फाइनल : 01 जनवरी 2026। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के हर वॉल्यूम में चार एपिसोड होंगे। इन सबकी लंबाई लगभग 54 मिनट से लेकर 1 घंटा 23 मिनट होगी। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा 'फील्डिंग सेट है। स्ट्रेंजर थिंग्स 5 का पहला वॉल्यूम 27 नवंबर को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।' सीरीज में मिली बॉबी ब्राउन, डेविड हार्बर, विनोना राइडर, फिन वोल्फहार्ड, गेटन माताराजो, केलेब मैकलॉघलिन और नोआ श्नैप जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**जाहिर सूचना**
**दुकान क्रमांक-एस.एफ.-2, प्रथम तल, विजय स्तंभ, जोन-1, एम.पी.नगर भोपाल**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सौरम बाई, पत्नी श्री गुलाब सिंह, निवासी–257, लोधी नगर, चंदन नगर भानपुर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल नें श्रीमती अनीता सिंह पत्नी श्री के. पी. सिंह, निवासी–ए–4, बर्फानी धाम, होशंगाबाद रोड भोपाल से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का आर.सी.सी. छतदार आफिस चेम्बर / दुकान क्रमांक–एस.एफ.–2, क्षेत्रफल 229.02 वर्गफीट अर्थात 21.284 वर्गमीटर, जो कि भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल द्वारा विकसित एवं निर्मित बहुमंजिला भवन ब्लाक–बी विजय स्तंभ के प्रथम तल पर स्थित होकर जोन–1, एम. पी. नगर भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म. प्र.) में नगर पालिक निगम भोपाल की सीमाओं के अन्दर वार्ड क्रमांक–43 में निम्नलिखित चतुर्थसीमाओं में स्थित है–पूरब में–दुकान क्रमांक–एस.एफ.–3,पश्चिम में–दुकान क्रमांक–एस.एफ.–1,उत्तर में–ओपन, दक्षिण में–आर्केड, को क्रय करने हेतु सौदा कर टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि समाप्त होने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**के.के.पाण्डेय अधिवक्ता**
कार्या.-एस.एफ.-17, विजय स्तंभ (कामर्शियल)
एक्सिस बैंक के सामने, जोन-1 एम.पी.नगर भोपाल
मो.-9893366758,9977722100

**।। जाहिर सूचना ।।**

मैं, अपने पक्षकार के निर्देशानुसार व प्रदत्त दस्तावेजानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामीगण–(01) श्री प्रकाश कुशवाह एवं (02) श्री दीपक कुशवाह पुत्रगण श्री मदन सिंह कुशवाहा, निवासीगण–109, ए–सेक्टर, प्रेम नगर, नारियलखेड़ा, भोपाल में से श्री प्रकाश कुशवाह का भूखंड क्रमांक–276 एवं श्री दीपक कुशवाह का भूखंड क्रमांक–277, प्रत्येक का क्षेत्रफल–20X50=1000 वर्गफिट इस प्रकार कुल क्षेत्रफल–2000 वर्गफिट अर्थात् 0.018 हेक्टेयर जो रजिस्ट्री अनुसार भूमि खसरा नम्बर–391/5, 403, 404 406/2, 408/1 एवं 418, रकबा 0.810 हेक्टेयर अर्थात् 2.00 एकड़ का अंश भाग होकर ग्राम–कलखेड़ा (मुख्यमार्ग से अंदर), पटवारी हल्का नम्बर–33 राजस्व निरीक्षक मंडल–03, विकास खंड फंदा, तहसील हुजूर, जिला–भोपाल म.प्र. में स्थित है। मेरे पक्षकार ने उपरोक्त दोनों भूखंडों को क्रय करने हेतु भूमि स्वामीगण को टोकन राशि अदा कर टोकन प्राप्ति रसीद का निष्पादन करा लिया है और पेपर विज्ञप्ति एवं सर्च की सहमति प्राप्त कर ली है। उक्त भूखंडों के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग फायनेंस संस्था, वित्तीय संस्थान, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय कार्यालयों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूखंड कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, मेहर, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी एवं मान्य नहीं होगी, तत्पश्चात् मेरा पक्षकार तयशुदा राशि अदा कर भूखंड स्वामीगण से अनुबंध–पत्र अथवा विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय-
**एस.के.सक्सेना एडव्होकेट**
कार्या.-24,शारदा लॉ चेम्बर,पुरानी विधान सभा के सामने,भोपाल मो.-9300815799

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्रमाक -05, यांत्रिक विभाग**

निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र

क्र. 929/यां.वि./2025 — भोपाल दिनांक 25/11/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पध्दति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | आनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_464670_1 | Construction of Drain Work at Chhuttu Lal Gali in Ward No.22, Zone No.05 | 1,13,149 | 2,263 | 1,000 | MPUADD Building ISSR 2021 | 01 माह |
| 2. | 2025_UAD_464677_1 | Construction of Drain Work at Rathkhana Wali Gali in Ward No.22, Zone No.05 | 2,37,198 | 2,372 | 2,000 | MPUADD Building ISSR 2021 | 01 माह |
| 3. | 2025_UAD_464684_1 | Construction of Drain Work at Nazim Sahab Wali Gali in Ward No.22, Zone No.05 | 1,95,279 | 3,906 | 1,000 | MPUADD Building ISSR 2021 | 01 माह |
| 4. | 2025_UAD_464689_1 | Construction of C.C. Road Work at Tolwali Masjid Road in Gali Wrad No.22, Zone No.05 | 2,45,163 | 2,452 | 2,000 | MPUADD Roads and Bridges ISSR 2021 | 01 माह |
| 5. | 2025_UAD_464701_1 | Construction of Drain and C.C. Road Work at Fizu Bhai House to Shafiq Bhai House and Rashsu Bhai Vakil Wale Gali Imami Gate and C.C. Road and Drin Thele Wali Road to Shabd Press Noor Mahal Road and Shanu Bhai House in Ward No.09, Zone No.05 | 8,46,359 | 8,464 | 2,000 | MPUADD BUILDING AND ROADS AND BRIDGES ISSR 2021 | 01 माह |

नियम व शर्तें:-
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एंव धरोहर राशि एंव अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एंव अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

नि.क्र. 2733/025/026

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं-05
नगर निगम भोपाल

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — **भोपाल बाजार** — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**नाम परिवर्तन**
मैं मोतीलाल आ. स्व. श्री धूल जी निवासी ग्राम दुर्गाओं तहसील व जिला सीहोर, आधार नंबर 908702510317 में मेरा नाम "अभय सिंह तंवर" त्रुटिवश अंकित हो गया है, मेरा सही व वास्तविक नाम "मोतीलाल" है जिससे मुझे जाना पहचाना जाता है

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE | Sleek THE KITCHEN SPECIALIST | Godrej | Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6060



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली- 6059 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6070

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6069 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## चिंतन

# अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाक

एक बहुत पुरानी कहावत है 'कुत्ते की दुम' को 12 साल भी पाइप में रखो तब भी सीधी नहीं होती। यही हाल पाकिस्तान का भी है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के घाव पूरी तरह से भरे भी नहीं हैं कि उसने फिर से भारत के अंदरुनी मामलों में दखल देने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या में श्रीराम मंदिर पर ध्वजा क्या फहराई, पाकिस्तान के पेट में दर्द हो गया। पाकिस्तान ने करीब 2 साल पहले 22 जनवरी 2024 को हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भी निंदा की थी। तब पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था-हम अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा करते हैं। अब यूएन में अपील दायर कर पाकिस्तान ने कहा कि भारत की अदालतों ने भी मंदिर निर्माण की इजाजत दे दी। यह अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का बड़ा उदाहरण है। भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों पर दबाव बढ़ रहा है। भारत की कई ऐतिहासिक मस्जिदें खतरे में हैं। मुसलमानों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तौर से हाशिये पर धकेला जा रहा है। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया, नफरत और मुसलमानों पर हमलों पर ध्यान दे। उसने यूएन और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से कहा कि वे भारत में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं। जबकि सच्चाई इससे कोसों दूर है। भारत पर आरोप लगाने वाले पाकिस्तान को यह सब कहने से पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। पाकिस्तान में खुद बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की जा रही है। अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले और धमकियों की अनेक घटनाएं हुईं, लेकिन वहां की सरकार ने दोषियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। 2023 में एक चर्च जलाने के आरोप में पकड़े गए 10 लोगों को हाल ही में अदालत ने बरी भी कर दिया। पाकिस्तान में अक्सर हिंदू और ईसाई लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन शादी के मामले सामने आते रहते हैं, खासकर सिंध और पंजाब में। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का लंबा इतिहास है। कौन नहीं जानता है उत्पीड़न से परेशान होकर पाकिस्तान के हजारों हिन्दू परिवार भारत में शरण लिए हुए हैं। यहां तक कि इमरान खान की पार्टी से सांसद रहे डिवाया राम तक वहां हो रहे शोषण से दुःख होकर भारत भाग आए और आजकल हरियाणा के फतेहाबाद में मूंगफली बेच कर जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे ही एक पाकिस्तान के एक हिन्दू पुलिस अधिकारी भागकर पंजाब आ गए और कई सालों से यही रह रहे हैं। जिस देश में अल्पसंख्यक सांसद और पुलिस वाले ही सुरक्षित न हो, वहां आम आदमी के हालात के बारे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे देश को दूसरे को नसीहत देने का कोई अधिकार नहीं है। भारत सर्वधर्म पर विश्वास करने वाला देश है। हमारा संविधान सबको सामान अधिकार देता है। पाकिस्तान किसी धर्म विशेष की बात करके केवल और केवल भारत में अलगाव को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगा है। जिसमें वो कभी कामयाब नहीं हो सकता। क्योंकि नया भारत उसके हर मंसूबे से वाकिफ है।



चिंतन
डॉ. रमेश ठाकुर

इस साल पूरे देश में एक लाख 16 हजार से ज्यादा गुमशुदगी के मामले दर्ज हुए हैं। इजाफे की गति ने ही वैश्विक स्तर पर लापता लोगों के मामले में भारत को दूसरे पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है। गुमशुदगी में राजधानी दिल्ली अव्वल है लेकिन अछूता कोई प्रदेश नहीं है। चाहे मैदानी राज्य हों या पहाड़ी? हर जगह से लोग नियमित गायब हो रहे हैं। दु:ख यह है कि बरामदगी का आंकड़ा बहुत धीमा है। ये कृत्य निश्चित रूप से बदनामी का ऐसा तमगा है जो किसी भी विकसित देश की महकती व्यवस्था पर कालिख पोतने जैसा है।

# गुमशुदगी के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक

रहस्यमय ढंग से गुमशुदा होते लोगों को धरती निगल रही है या आसमान खा रहा है? ये सवाल गुजरे बीते महीनों से सभी के जुबान पर हैं। अनसुलझी पहेली जैसा बना हुआ है यह विषय। भारत में गायब लोगों के आंकड़ों में करीब 42 फीसदी का इजाफा हुआ है, जो अपने आप में अचंभित करता है। बीते सप्ताह आई 'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' की रिपोर्ट में भी बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट की मानें तो इस साल पूरे देश में एक लाख 16 हजार से ज्यादा गुमशुगदी मामले दर्ज हुए हैं। इजाफे की गति ने ही वैश्विक स्तर पर लापता लोगों के मामले में भारत को दूसरे पायदान पर काबिज कर दिया है। गुमशुदगी में राजधानी दिल्ली अव्वल है, लेकिन अछूता कोई प्रदेश नहीं है। चाहे मैदानी राज्य हों या पहाड़ी? हर जगह से लोग नियमित गायब हो रहे हैं। दुःख यह है कि बरामदगी का आंकड़ा बहुत धीमा है। ये कृत्य निश्चित रूप से बदनामी का ऐसा तमगा है जो किसी भी विकसित देश की महकती व्यवस्था पर कालिख पोतने जैसा है।

उत्तराखंड के हालात तो और भी खराब हैं। वहां रोजाना तीन लोग रहस्यमय तरीके से गायब हो रहे हैं, उनका भी रिकवरी रेट बहुत कम है। असंख्य लोगों का गायब होना और किसी का सुराग ना लगना? अपने आप में चौकाता है, जबकि, वर्षों से निर्धन या अति पिछड़े देशों में गायब लोगों के संबंध में हम सुनते आते थे, जिनमें अफगानिस्तान, बलूच, पाकिस्तान, बाग्लादेश, योगांडा व कुछ अफ्रीकी देश शामिल थे। लोगों के गायब होने खतरा भारत में एकाध दशकों से ज्यादा मंडराया है। मेघालय, सिक्किम जैसे शांत प्रदेशों तक से लोग लापता हो रहे हैं। वहीं, दिल्ली में इसी साल पिछले मात्र 210 दिनों में 8 हजार के करीब लोग गायब हुए, जिनमें सिर्फ 290 लोग ही खोजे जा सके। सवाल उठता है कि उन्हें आसमान निगल गया, या धरती खा गई?

गुमशुदगी को लेकर विभिन्न प्रदेशों की सरकारों से लेकर प्रशासन और पुलिस महकमा भी अनोखी थ्योरी को सुलझाने में नाकाम है। खोजबीन व तमाम कोशिशों के बावजूद भी उनकी जांच-पड़ताल बेनजीता साबित हो रही है। तमाम कोशिशों के बावजूद भी लापता लोगों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। गुमशुदगी के ताजे आंकड़े एनसीआरबी के अलावा 'जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क' (जिपनेट) ने भी जारी किए हैं, जिनसे न सिर्फ शासकीय महकमों में खलबली है, बल्कि जनमानस में भी डर बैठा है। जहां आंकड़े बढ़े बताए गए हैं वहा के वासी कुछ ज्यादा ही डरे हुए हैं, उन्हें अपनी और अपने परिजनों की चिंता समाने लगी हैं। आंकड़ों में ऐसे अनगिनत नौनिहाल भी हैं जो या तो पार्कों में खलने गए या ट्यूशन से पढ़कर वापस ही नहीं आए। बिहार, पंजाब, राज्यस्थान, तेलंगाना, हरियाणा में 2022-23 और 2023-24 के आंकड़ों में 22 फीदसी बढ़ोतरी भी चिंता बढ़ाती है।

गायब व्यक्तियों के प्रस्तुत आंकड़ों में जिपनेट ने एक और बात डरावनी कही है। विक्षिप्त किस्म के और बुजुर्ग वर्ग के जितने भी शव पुलिस को बरामद हुए उनमें चौकाने वाली बात यह निकली, उन ज्यादातर शवों में किडनियां गायब मिली हैं। ये मामला सीधे-सीधे मानव तस्करी और किडनी गैंग से जुड़ा प्रतीत होता है। समय-समय पर ऐसी खबरें आती ही रहती कि बड़े अस्पतालों




में अप्रत्यक्ष रूप से किड़नी गिरोह सक्रिए हैं? जो किडनियों की डिमांड को पूरा करने के लिए बुजुर्गों, मजदूरों, विक्षिप्तों व निर्बलों को टारगेट करते हैं। देशभर के नामी बड़े अस्पताल इन हरकतों में बदनाम रहे भी हैं। किडनी चोर का बड़ा गैंग कुछ वर्षों पहले एक्सपोज भी हुआ था, जिसके आका को पुलिस ने नेपाल से धरा था। 2024-25 के लापता आंकड़ों में पश्चिम बंगाल व असम के हालात तो और भी डरावने बताए गए हैं। गुमशुदगी के आंकड़े वैसे तो देश भर से सालाना या महीनों के हिसाब से पेश होते ही हैं, जिनमें एकाध या दर्जन भर लोगों के ही गायब होने की सूचनाएं होती हैं।

गौरतलब है कि गायब लोगों के मामलों में दिल्ली का आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। 1 जनवरी से लेकर 23 जुलाई 2025 के बीच 7 हजार 880 लोग गायब हुए हैं। इससे केंद्र भी चिंतित है। खुदा-न-खास्ता अगर ये गति समूचे देश में फैल गई तो कोहराम मच जाएगा। इसे किसी भी सूरत में रोकना होगा। व्यक्तियों के परिजन पुलिस थानों में चक्कर काटते हैं। मामले फाइलों में धूल फांकते रहते हैं। परिजन खुद से भी कोशिश करते हैं, पर सफलता उन्हें भी नहीं मिल रहीं? गुमशुदगी मामलों में 'संयुक्त राज्य अमेरिका' सदैव अव्वल रहा था। दूसरे नंबर पर भारत है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रत्येक घंटे में 88 महिलाएं, बच्चे और पुरुष गायब हो रहे हैं, यानी रोजाना 2,130 और हर महीने 64,851। 2022 से लेकर 2024 के बीच इन आंकड़ों में बेहताशा उछाल आया। ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले महानगरों में गति ज्यादा है। लापता में सर्वाधिक संख्या बच्चों और महिलाओं की है। पुरुष भी हैं, लेकिन बच्चियों और महिलाओं से कम।

कानाफूसी ऐसी भी है कि लापता लोगों को पकड़ने में कुछ गिरोह सक्रिए हैं। जो मानव तस्करी के अलावा, भीख मंगवाने जैसे कृत्यों में गायब लोगों को डाल रहे हैं। जहां तक दिल्ली में गायब लोगों की बात है तो दूसरे राज्यों के मुकाबले वहां सुरक्षित हमेशा चौकन्नी रहती है। बावजूद इसके ऐसा हाल? ताज्जुब यह भी है कि ऐसी घटनाएं हाई सिक्योरिटी जोन जैसे संसद मार्ग, चाणक्यपुरी, कनेटप्लस, तिलक मार्ग क्षेत्रों में हो रही हैं। जो क्षेत्र चौबीसों घंटे सीसीटीवी के निगरानी में हैं। प्रशासन बरामदगी को लेकर खाली हाथ है। वहां गायब हुए लोगों के आंकड़ों को जिपनेट जैसी विश्वसनीय संस्था ने उजागर किए हैं जो इस क्षेत्र में माहिर बताई जाती है। संस्था एक केंद्रीकृत डेटाबेस है जिनके आंकड़ों का प्रयोग, पुलिस, कोर्ट व कानूनी प्रक्रियाओं और जांच एजेंसियां करती हैं। अज्ञात शवों का भी विश्वसनीय डाटा उनके पास होता है। संस्था विभिन्न थानों, सरकारी संस्थाओं और प्लेटफार्मों से डाटा एकत्र करती है। जिपनेट के आंकड़ों पर एनसीआरबी की रिपोर्ट ने भी मुहर लगा दी है। समूचे भारत में फैली गायब होने की गति को थामना होगा। इस सरकार का कहना कि भारत विशाल जनसंख्या वाला देश है, इसलिए ये आंकड़े बड़े लगते हैं। पर, ये चिंता व्यक्त करने का मुकम्मल तरीका कतई नहीं हो सकता। एक भी व्यक्ति का गायब होने का मतलब है सिस्टम की कार्यशैली पर सवाल उठाना। रिवकरी की स्पीड बढ़नी चाहिए, सुरक्षा तंत्र को चौकन्ना करना होगा। दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करनी होगी। गायब लोगों में अभी तक पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र जैसे राज्य ही बदनाम थे। लापता लोगों के कम रिकवरी रेट पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है। दरअसल, ये ऐसा मानवीय पहलू है जिस पर सभी को गंभीरता से विमर्श करने की आवश्यकता है। ये ऐसी समस्या है जो किसी के भी दरवाजे पर आकर दस्तक दे सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## हादसा
योगेंद्र माथुर



# किसी षड्यंत्र का शिकार तो नहीं हुआ तेजस

दुबई में आयोजित अंतराष्ट्रीय एयर शो में पांचवें व अंतिम दिन शुक्रवार को भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस प्रदर्शन के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया। पायलट विंग कमांडर नामांश स्याल की इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह खबर भारतीय रक्षा क्षेत्र को गहरा धक्का पहुंचाने वाली है। तेजस एक बहुउद्देशीय स्वदेशी युद्धक विमान है, जिसका विकास 1980 के दशक में हुआ। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा विकसित इस एक सीट व एक जेट इंजन वाले इस स्वदेशी युद्धक विमान को आधिकारिक रूप से तेजस नाम सन 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई ने दिया था। तेजस का आशय चमक या प्रतिभा से है।


वास्तव में तेजस भारतीय रक्षा प्राद्योगिकी का वह नायब हीरा रहा है जिसकी चमक से समूचा विश्व चौंधिया रहा है। हल्के और अन्य लड़ाकू विमानों की अपेक्षा कम वजन व कम कीमत के तेजस की युद्धक क्षमता व अन्य योग्यताओं से दुनिया के देश न केवल अचंभित हो रहे हैं, बल्कि इसकी खरीदी को लेकर भी अपनी रुचि दिखा कर रहे हैं। मलेशिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया आदि कई देश इसकी खरीदी के लिए सहमति प्रदर्शित कर चुके हैं। तेजस का डिजाइन ज्यादा खतरे वाले हवाई अभियानों के लिए किया गया है। यह वायु रक्षा के साथ समुद्र की टोह लेने और संभावित खतरे पर हमला करने में सक्षम है। यह पूरी तौर पर स्वदेशी युद्धक विमान है। केवल इसका इंजन विदेशी है। इसके लिए एफ 404 इंजन अमेरिका की जेनरल इलेक्ट्रिक कंपनी द्वारा तैयार किए जाते हैं। तेजस 2200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरने में सक्षम है। यह 16500 मीटर तक की ऊंचाई तक और 3000 किलोमीटर दूर तक अथक उड़ान भर सकता है। इसकी कीमत 642 करोड़ रुपये बताई जा रही है। तेजस ने अपनी पहली उड़ान 4 जनवरी 2001 को भरी थी। सन 2011 में इसे सीमित उपयोग के लिए मंजूरी मिली और 2015 में इसे वायुसेना में शामिल किया गया। सन 2019 में तेजस को युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार माना गया।

दुनिया के पांचवीं पीढ़ी के अन्य युद्धक विमानों की अपेक्षा तेजस काफी सुरक्षित व विश्वसनीय माना गया है। अब तक कई युद्धाभ्यासों में यह अपना कौशल प्रदर्शित कर चुका है। स्वयं प्रधानमंत्री 2022 में इसकी उड़ान भर चुके हैं। अपने में तमाम खूबियां समेटे भारत का यह महत्वपूर्ण युद्धक विमान दुबई के हर दो साल में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण एयर शो में एक दिन पूर्व तक अपनी कलाबाजियों व हैरतअंगेज करतबों से वहां उपस्थित दर्शकों को मोह रहा था। इस प्रतिष्ठित एयर शो में दुनिया की एयरोस्पेस कंपनियां, एयरलाइंस, एयर फोर्सेज और टेक्नोलॉजी से जुड़ी कंपनियां अपने उत्पादों के साथ शामिल होती हम और यहां रक्षा सौदे को लेकर भी चर्चा की जाती है। इस वर्ष भी इस शो में दुनिया के 150 देशों की विमानन कंपनियों के प्रतिनिधि, उद्यमी व रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल थे।

ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन में तेजस का दुर्घटनाग्रस्त होना निस्संदेश भारत के लिए चिंता का विषय है। हमें चिंता होनी भी चाहिए लेकिन इस बात को लेकर नहीं कि दुनिया में हमारी साख प्रभावित होगी या रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमों में अवरोध आ जाएगा। यह कोई पहला या अनोखा अवसर नहीं है जब किसी देश का युद्धक विमान किसी दुर्घटना का शिकार हुआ है। दुनिया के रक्षा क्षेत्र के सिरमौर अमेरिका, चीन व फ्रांस सहित कई देशों के युद्धक विमान पहले दुर्घटनाग्रस्त होते रहे हैं। अमेरिका का एफ-35 विमान, जिसे उसने कई देशों को बेचा है, भी अनेक बार दुर्घटना का शिकार हुआ है। अमेरिका का ही एफ-16 भी कई बार दुर्घटना का शिकार बना है। चीन का युद्धक विमान जेएफ- 17 भी दुर्घटना का शिकार हुआ है। हालांकि हमारी चिंता का कारण हमारी साख प्रभावित होने की आशंका नहीं होना चाहिए, बल्कि इस बात को लेकर होना चाहिए कि विमान जमीन से उठने के तुरंत बाद दुर्घटना का शिकार कैसे हो गया? क्या कोई तकनीकी खराबी के चलते यह सब कुछ हुआ या फिर तेजस किसी षड्यंत्र का शिकार हो गया। दुर्घटना के पीछे षड्यंत्र की बू इसलिए आ रही है कि एक दिन पूर्व ही इसका ऑयल लिक होने की फेक न्यूज मीडिया में प्रसारित हुई थी, जिसका भारत ने तत्काल खंडन कर दिया था। जांच होनी चाहिए कि इस फेक न्यूज के पीछे कौन था? प्रश्न यह भी है कि दुनिया के प्रतिष्ठित एयर शो में किसी त्रुटि या खामी वाले तेजस को शामिल होने तो नहीं भेजा गया?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

## सटाका




## आज की पाती

### पाकिस्तान ने किया धर्मध्वजा का विरोध

भारत की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराएँ सदियों पुरानी हैं। यहां विविधता, सहिष्णुता और संविधानिक सुरक्षा ने हर धर्म, हर संप्रदाय को फलने-फूलने का अवसर दिया है। इसके उलट, पाकिस्तान की राजनीति अक्सर धार्मिक ध्रुवीकरण,अल्पसंख्यकों के दमन और भारत-विरोध पर आधारित रही है। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत में मुस्लिम विरासत मिटाने और बाबरी मस्जिद की जगह मंदिर निर्माण के नाम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में दखल की धमकी भी दे दी। परंतु, क्या पाकिस्तान अपनी दायर की गई इस शिकायत में नैतिक रूप से खड़ा हो सकता है? क्या वह स्वयं अपने देश में हुए अल्पसंख्यक उत्पीड़न की भयावह सच्चाई से आँख मिला सकता है?

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### श्रद्धांजलि



संविधान दिवस पर हम अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहती है। हमारा संविधान गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विश्वास स्थापित



भारत भाषाओं, संस्कृतियों, परम्पराओं तथा मान्यताओं से भरा एक विस्तृत संसार है। संविधान ने इन सभी विविध धाराओं को एक सूत्र में पिरोकर हमें एकजुट करने का अद्भुत कार्य किया है। यही संविधान हमें 'हम भारत के लोग' के रूप में जोड़ता है और विश्वास स्थापित करता है।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### विस्तार से चर्चा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में कृषि, बागवानी क्षेत्र में पतंजलि द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने जेवर फूड पार्क को विस्तार देने पर चर्चा की।

- आचार्य बालकृष्ण, आयुर्वेदाचार्य

### हर नागरिक से वादा



भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक वादा है। वादा कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा।

- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति ने शुरू की जेल की सजा



ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने मंगलवार से 27 साल की जेल की सजा काटना शुरू कर दिया। बोल्सोनारो को 2022 का राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश का दोषी पाया गया था। इस मामले पर सुनवाई कर रहे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जांद्रे दे मोरेस ने आदेश दिया कि बोल्सोनारो को उसी संघीय पुलिस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां वह देश छोड़कर भागने की आशंका के कारण गिरफ्तार किए जाने के बाद से थे। इससे पहले बोल्सोनारो (70) अगस्त से नज़रबंद थे। पूर्व राष्ट्रपति और उनके कई सहयोगियों को तख्ता पलट की साजिश, राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा और उपराष्ट्रपति की हत्या की योजना बनाने और 2023 में भड़के विद्रोह में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया। उन्हें सशस्त्र अपराधी संगठन का नेतृत्व करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को हिंसक रूप से समाप्त करने के आरोपों में भी दोषी पाया गया। दो अन्य दोषियों में ऑगस्तो हेलेनो और पाउलो सेरजियो नोघेइरा को सैन्य केंद्र में भेजा गया। पूर्व गृह मंत्री एंडरसन टोरेस को ब्रासीलिया की पापूडा जेल में रखा गया है।

## ऑफ बीट

# अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती



हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है – जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं तो स्तर अधिक होता है। पिछले शोध ने सुझाव दिया है कि एक मजबूत कोर्टिसोल जागृति प्रतिक्रिया – जागने के बाद होने वाली कोर्टिसोल में तेज वृद्धि – नींद की जड़ता में कमी से संबंधित है। इसके अलावा, चूंकि झपकी लेने वाले प्रतिभागी दोबारा गहरी नींद में नहीं सोए, इससे उनके नींद से जागने की संभावना पर और असर पड़ा होगा। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गहरी नींद की तुलना में हल्की नींद से जागना आसान होता है। हालाँकि ये निष्कर्ष उन लोगों के लिए राहत के रूप में आ सकते हैं जो उठने से पहले बार-बार झपकी लेते हैं, लेकिन हमारे शोध का मतलब यह नहीं है कि जागने का यह तरीका हर किसी के लिए इष्टतम है।

# बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा, भारत रेयर अर्थ को मिलेगी गति

पुणे मेट्रो विस्तार को 9,858 करोड़, देवभूमि द्वारका कनालस रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए 1,457 करोड़, बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,324 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कुल 19,919 करोड़ रुपए की 4 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसमें 7,280 करोड़ की दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट निर्माण योजना शामिल है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा क्षेत्र के लिए अहम मानी जा रही है। इसके अलावा, पुणे मेट्रो विस्तार के लिए 9,858 करोड़, देवभूमि द्वारका (ओखा)-कनालस रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए 1,457 करोड़ और बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,324 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## इसमें 7,280 करोड़ की दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट निर्माण योजना भी शामिल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19,919 करोड़ की 4 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी

**कई रेल लाइनों का भी किया जाएगा काम**


फैसलों की जानकारी देते रेल मंत्री वैष्णव

### दुर्लभ मृदा स्थायी चुंबक योजना को दी मंजूरी

कैबिनेट ने बुधवार को होने वाली बैठक में दुर्लभ पृथ्वी स्थायी मैग्नेट के लिए एक नई प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए करीब 7,280 करोड़ का आवंटन प्रस्तावित है, जो पहले के 2,500 करोड़ रके अनुमानित पैकेज से लगभग 3 गुना अधिक है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब चीन ने निर्यात नियंत्रण कड़े कर दिए हैं। चीन वैश्विक दुर्लभ पृथ्वी कच्चे माल का 60-70 फीसदी और प्रोसेसिंग का 90 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करता है।

**यह योजना देश के लिए अहम**

कैबिनेट ने दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बक निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह की पहली योजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य सिंटर किए गए आरईपीएम के उत्पादन के लिए एकीकृत विनिर्माण सुविधाएं विकसित करना है, जिसमें मिश्रधातुओं को तैयार चुंबकों में बदलने की प्रक्रिया शामिल होगी। योजना पर लगभग 7,200 करोड़ का निवेश होगा। इसके तहत 1,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की क्षमता का सृजन और 1,200 एमटीपीए क्षमता वाली इकाइयों की स्थापना की जाएगी।

### इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा का अहम रोल

दुर्लभ पृथ्वी तत्वों का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा उत्पादन में होता है। भारत में इस क्षेत्र को अभी भी सीमित फंडिंग, तकनीकी विशेषज्ञता की कमी और लंबी परियोजना के लिए समयसीमा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बिना सरकारी समर्थन के वाणिज्यिक उत्पादन फिलहाल व्यावहारिक नहीं है।

### चीन का दबाव और भारत की रणनीति तैयार हो रही

चीन ने भारत में उपयोग के लिए दुर्लभ पृथ्वी मैग्नेट के निर्यात के शुरुआती लाइसेंस जारी किए हैं, लेकिन भारतीय कंपनियों को अब तक कोई लाइसेंस नहीं मिला है। भारत की वार्षिक मांग लगभग 2,000 टन ऑक्साइड की है, सरकार सिंक्रोनस रिलक्टेंस मोटर्स पर काम रही है, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके।

### भारत रेयर अर्थ के लिए सप्लाई चेन विकसित होगी

भारत ने अप्रैल से चीन द्वारा निर्यात नियंत्रण सख्त करने के बाद दुर्लभ पृथ्वी मैग्नेट सप्लाई चेन विकसित करने की गति तेज कर दी है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी थी कि महत्वपूर्ण खनिजों को हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 2,270 टन दुर्लभ पृथ्वी धातु और यौगिक आयात किए।

---

## खबर संक्षेप

### कोटा के ईवी शोरूम में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** राजस्थान के कोटा में बुधवार सुबह एक इलेक्ट्रिक गाड़ी के शोरूम में भीषण आग लग गई।



आग लगने से लगभग 50 से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाड़ियां जलकर राख गईं। आग की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। आग देखते ही देखते तेजी से पूरे शोरूम में फैल गई। कोटा फायर डिपार्टमेंट से चार फायर इंजन मौके पर भेजे गए।

### हम किसी भी तरह डेरा खाली नहीं करेंगे: राबड़ी

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की



पत्नी राबड़ी देवी के सरकारी आवास बदले जाने पर सियासत गर्माई है। अब आरजेडी ने नीतीश सरकार को अल्टीमेटम दे दिया है कि जो करना है करेंगे, लेकिन डेरा (10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास) खाली नहीं किया जाएगा।

### बेटे को मंत्री बनाने पर आरएमएल में टूट

**पटना।** राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को बिहार की नीतीश सरकार में मंत्री



बनाने के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा में विरोध शुरू हो गया है। पार्टी में नाराजगी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ, प्रदेश प्रवक्ता राहुल कुमार, प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव सहित अन्य कई नेताओं ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

### चक्रवाती तूफान से भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार देर रात बड़ा अपडेट जारी करते हुए बताया



कि मलक्का जलडमरूमध्य के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान 'सेन्यार' में बदल चुका है। 6 घंटों में सिस्टम ने 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए तूफान का रूप ले लिया है।

---

## संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा पत्र, नागरिकों से की अपील

# हमारा संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व का द्योतक

### मतदान लोकतंत्र की नींव, पहली बार मतदान करने वालों का सम्मान करें

### कर्तव्यों के निर्वहन को सामाजिक और आर्थिक प्रगति का आधार बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की और कहा कि ये एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव है। संविधान दिवस पर नागरिकों को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने की ज़िम्मेदारी भी बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि 18 साल की उम्र पूरी कर पहली बार मतदान करने वालों का सम्मान करके संविधान दिवस मनाएं।

पीएम मोदी ने महात्मा गांधी के इस विश्वास को याद किया कि अधिकार कर्तव्यों के निर्वहन से प्राप्त होते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कर्तव्यों का निर्वहन सामाजिक और आर्थिक प्रगति का भी आधार है। उन्होंने कहा कि आज ली गई नीतियां और निर्णय आने वाली पीढ़ियों के जीवन को आकार देंगे और नागरिकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें, क्योंकि भारत विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है।

लोग कर्तव्यों को सर्वोपरि रखें

**नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की**


संविधान दिवस सभा में प्रधानमंत्री सहित कई हस्तियां रहीं शामिल

### संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संविधान दिवस पर हम अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता और दूरदर्शिता हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहती है। हमारा संविधान मानवीय गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है। उन्होंने कहा कि यह हमें अधिकारों से सशक्त तो करता ही है, साथ ही नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। ये कर्तव्य एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव हैं। आइए हम अपने कार्यों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। यह हमें अधिकारों से सशक्त बनाता है। ये हमें नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। ये कर्तव्य एक मजबूत लोकतंत्र की नींव हैं।

**इन्होंने कहा**

### भारत हमेशा एक रहेगा: राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महान विद्वानों, ड्राफ्टिंग कमिटी और संविधान सभा के सदस्यों ने करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने गहरी सोच दी। भारत एक है और हमेशा एक रहेगा।

### ..तो विकसित देश बनेगा: बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अगर संविधान का अक्षरशः पालन किया जाए तो भारत 2047 तक एक विकसित देश बन जाएगा। यह हमारा सामूहिक लक्ष्य है।

### यादव ने निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी

भारत के 76वें संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारतीय संविधान के निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन सभी महान व्यक्तियों को करोड़ों सलाम जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत और जीवंत बनाने में योगदान दिया।

**सीजेआई सूर्यकांत ने कहा**

### कानून का शासन बनाए रखने में बार की भूमिका अहम


बार एसोसिएशन सभा में सीजेआई

संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब हम इस अहम पल का जश्न मना रहे हैं, जब भारत ने अपने आप को अपना बुनियादी अनुबंध दिया था, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि देश में कानून का शासन और संविधान की पवित्रता बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी है। सीजेआई ने ये भी कहा कि देश में कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए कानूनी सहायता देने में भी बार की अहम भूमिका है।

### केवल संविधान सर्वोच्च: तुषार मेहता

इस मौके पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुसार यह संविधान की खूबसूरती है कि इसके तीनों हिस्से, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका, एक-दूसरे से आजाद हैं। केवल संविदान सर्वोच्च है।

---

## कर्नाटक संकट पर खरगे ने कहा

# सोनिया, राहुल से करूंगा बात हम जल्द निकाल लेंगे समाधान

### सीएम पद को लेकर सिद्धारमैया व शिवकुमार में खीचतान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी के दो नेताओं सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान चल रही है। उन्होंने कहा है कि बहुत जल्द ही वह सोनिया गांधी और राहुल गांधी से चर्चा के बाद इस मामले का समाधान करेंगे। इस मसले पर अगले 48 घंटों के अंदर राहुल से बात करेंगे। खरगे ने कहा है कि एक दिसंबर तक यह संकट सुलझा लिया जाएगा। एक दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। खरगे ने कहा कि बैठक तय की जाएगी। संभवतः शुक्रवार को सिद्धारमैया और शिवकुमार को दिल्ली बुलाया जाएगा। खरगे का यह बयान ऐसे समय में अहम है जब राज्य में पार्टी के भीतर शक्ति संघर्ष तेज हो गया है।

### मेरे पिता सीएम ही नहीं पीएम पद के भी दावेदार

इस मुद्दे पर कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे की प्रतिक्रिया सामने आई है। क्या कर्नाटक में सिद्धारमैया मुख्यमंत्री बने रहेंगे के सवाल प्रियांक खरगे ने कहा कि सब कुछ



ठीक है और आलाकमान जो भी फैसला लेता है, उसका पालन सभी कर रहे हैं, चाहे वह अभी के लिए हो या भविष्य में। कर्नाटक के मंत्री शिवानंद पाटिल की कथित टिप्पणी पर कर्नाटक के मंत्री प्रियांक ने कहा कि जब भी राज्य में चुनाव होते हैं, मल्लिकार्जुन खरगे मुख्यमंत्री पद के दावेदार होते हैं। जब भी संसदीय चुनाव होते हैं, वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार होते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, संख्या मायने रखती है और मल्लिकार्जुन खरगे को जो भी कहना है, वह कहेंगे।

### ढाई साल पूरा होते ही नाटक शुरू हो गया

20 नवंबर को कांग्रेस सरकार के पांच वर्षीय कार्यकाल के ढाई साल पूरा होने के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है, क्योंकि 2023 में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कथित 'सत्ता साझेदारी' समझौते का दावा किया जा रहा है। इस बीच, सिद्धारमैया ने हाल ही में कहा था कि वह पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहेंगे और भविष्य में राज्य का बजट पेश करना जारी रखेंगे।

---

## ट्रेनों में हलाल मांस परोसने का मामला

# मानवाधिकार आयोग ने रेलवे को नोटिस देकर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रेनों में परोसे जाने वाले नॉनवेज में हलाल प्रमाणित मांस को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नाराजगी जताई है। आयोग ने रेलवे बोर्ड को नोटिस भी जारी किया है। आयोग ने कहा कि हलाल मांस की वजह से हिंदू समुदायों के अनुसूचित जाति और मांस व्यापार में लगे अन्य गैर-मुस्लिम समुदायों की आजीविका प्रभावित होती है। प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली कमेटी ने भारतीय रेलवे बोर्ड को नोटिस दिया है।



### धार्मिक आस्थाओं का सम्मान होना जरूरी

नोटिस में कहा गया कि हलाल मांस को लेकर मिली शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। धार्मिक आस्थाओं सका सम्मान होना जरूरी है।

## दिल्ली के प्रदूषण पर सीजेआई चिंतित

# 55 मिनट भी टहल नहीं सका इससे सुबह तक परेशान रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की खराब हवा को लेकर में बुधवार को गंभीर चिंता जताई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि प्रदूषण के हालात राजधानी में ऐसे हैं कि 55 मिनट चलने के बाद सुबह तक दिक्कत हो रही है। यहां प्रदूषण इस हालत में पहुंच गया है कि बाहर सैर करना भी मुश्किल हो गया है। मंगलवार को उन्होंने करीब 55 मिनट की वॉक की थी, जिसके बाद उन्हें सुबह तक परेशानी बनी रही। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है।



### मैंने टहलना बंद कर दिया: सिब्बल

सीजेआई ने यह टिप्पणी वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी के खराब सेहत का हवाला देते हुए सुनवाई से छूट मांगने के दौरान की। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी कहा मैंने टहलना बंद कर दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी बड़ी सौगात

# हैदराबाद में सफ्रान का विशाल 'एमआरओ' हब शुरू, अब एयरक्राफ्ट्स की होगी मरम्मत

### पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुविधा का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के एविएशन सेक्टर ने बुधवार को एक ऐतिहासिक मुकाम छू लिया है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्थित सफ्रान का विशाल रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल हब आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। पीएम ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस लेटेस्ट सुविधा का उद्घाटन किया। इससे सुविधाएं बढ़ जाएंगी।




**विमानन दुनिया का तीसरा बाजार बना**

पीएम ने कहा कि भारत का उभरता एविएशन सेक्टर नई उड़ान के लिए तैयार है। यह फैसलिटी भारत को ग्लोबल एमआरओ हब के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर होगी। भारत का घरेलू विमानन बाजार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन चुका है।

---

## एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने बंगाल पुलिस को लिखा पत्र, ताकीद दी

**निर्वाचन अधिकारियों को खतरा पर जताई चिंता**

# चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में गहन मतदाता पुनरीक्षण (सर) के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता पुलिस को पत्र लिखकर चुनाव



अधिकारियों की सुरक्षा के प्रति चिंता जताई है। ईसी ने पत्र लिखकर कहा है कि एसआईआर की ड्यूटी में तैनात चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। जानकारी में आया है कि 24 नवंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यालय की सुरक्षा तोड़ी गई। मुख्य चुनाव आयुक्त, अडिशनल चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर, जॉइंट चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर और डिप्टी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर की सुरक्षा से भी खिलवाड़ किया गया है। आयोग ने पहले ही घटना का संज्ञान लिया है और ऑफिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है।

### जय हिंद से जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा: ममता

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने राज्यसभा की ओर से जारी किए गए बुलेटिन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें सदन के



भीतर धन्यवाद, थैंक यू, जय हिंद, वंदे मातरम या किसी अन्य प्रकार के नारे लगाने पर रोक लगाने की बात कही गई है। ममता ने इस पर कहा कि क्यों नहीं बोलेंगे? जय हिंद और वंदे मातरम हमारा राष्ट्रीय गीत है। यह हमारी आजादी का नारा है। जय हिंद हमारे नेताजी का नारा है। इससे जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा।

## पूर्व चीफ जस्टिस गवई ने इंटरव्यू में बेबाकी से बात की

# न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए

### न्यायिक सक्रियता से बुलडोजर दहशत और सियासी दबाव पर भी दिए जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेवानिवृत्ति न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को एक इंटरव्यू में कई अहम सवालों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा, न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। अंततः हमारा संविधान विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के संतुलन और अलग-अलग कार्यक्षेत्र पर यकीन रखता है।

संविधान में शक्ति संतुलित

### न्यायिक सक्रियता से डर फैलना गलत



जस्टिस गवई ने इंटरव्यू में कई अहम सवालों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। देश के नागरिकों को देश की न्यायिक प्रक्रिया और सक्रियता से डर नहीं फैलना चाहिए। यह गलत है।

**कभी भी एग्जीक्यूटिव या पॉलिटिकल नेताओं का**

सीजेआई गवई ने कहा कि उन पर कभी भी एग्जीक्यूटिव या पॉलिटिकल नेताओं का दबाव नहीं पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जजों की नियुक्ति का कॉलेजियम सिस्टम ट्रांसपेरेंट है, और यह आरोप कि यह ओपेक है, सही नहीं हैं।

### नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक न्याय मिले

न्यायिक एक्टिविज्म पर पूर्व चीफ जस्टिस ने ये भी साफ किया कि कई मौकों पर, नागरिक अपनी सामाजिक-आर्थिक बाधाओं के कारण, अपनी शिकायतों के निवारण और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्थिति में नहीं होते। ऐसी स्थिति में, अगर किसी व्यक्ति को न्यायपालिका अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देती है तो ये गलत नहीं है।

जूता फेंकने की घटना पर कहा

### संस्कारों का असर, कार्रवाई की जरूरत नहीं समझी

जस्टिस गवई ने जूता फेंकने की घटना पर कहा कि उस समय उन्होंने आरोपित वकील के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का फैसला अपनी परवरिश और मूल्यों के चलते लिया। गवई ने कहा कि शायद यह मेरे संस्कारों का असर है। जब कोर्ट में यह घटना हुई, तब मुझे यह भी नहीं पता था कि इसका संबंध मेरे कोर्ट में दिए गए किसी कथित बयान या टिप्पणी से बताया जा रहा है। लेकिन मुझे लगा कि मामले की सुनवाई आगे बढ़ाना चाहिए।


### मुख्यमंत्री ने 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

# प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

खेल विभाग प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है। भारत की प्राचीन संस्कृति में खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम माने गए हैं। पुराने समय में नौकायन,



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम डॉ. यादव।

तैराकी और जल प्रशिक्षण को सामरिक और शारीरिक दक्षता का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। वही परंपरा आज वॉटर स्पोर्ट्स के रूप में हमारे सामने है। इसमें तकनीक, सहन शक्ति और फोकस का वास्तविक परीक्षण होता है। राज्य सरकार के लिए रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना गर्व और आनंद का विषय है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैंपियनशिप के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ियों द्वारा देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत मार्च पास्ट का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आयोजन स्थल पहुंचने पर उन्हें कैप लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय सहित अधिकारी एवं खेल प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित थे।

**रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना राज्य सरकार के लिए गर्व का विषय**



देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत मार्च पास्ट का सीएम ने अवलोकन किया।

#### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए बेहतर माहौल बना

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए बेहतर माहौल बना है। भारत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। मप्र ने वॉटर स्पोर्ट्स में एशियन गेम्स में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया, वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टीवल में भी शानदार प्रदर्शन किया। सीएम मप्र की कला-संस्कृति और स्वाद से रू-ब-रू होते हुए पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए भी प्रेरित किया।

#### यह चैंपियनशिप वॉटर स्पोर्ट्स के कुंभ के रूप में स्थापित होगी: सारंग

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि यह 4 दिवसीय रोइंग चैंपियनशिप, वॉटर स्पोर्ट्स के कुंभ के रूप में स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार खेल-खिलाड़ी और खेल मैदान को प्रोत्साहित करने के लिए संपूर्ण प्रदेश में प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नॉलेज एक्सचेंज के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में कोच तथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बीसीसीआई को करना है मेरे भविष्य का फैसला : गंभीर

**गुवाहाटी।** आलोचनाओं से घिरे भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में मिली करारी हार के बाद उनके भविष्य पर फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को करना है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने याद दिलाया कि उनके कार्यकाल में टीम ने कितनी सफलता हासिल की है। गंभीर ने कहा, 'मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई को करना है। लेकिन मैं वही व्यक्ति हूं, जिसने इंग्लैंड में आपको अनुकूल परिणाम दिलाए और मैं चैंपियंस ट्रॉफी में भी कोच था।' उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 2-2 से ड्रॉ रही श्रृंखला का जिक्र किया। गंभीर ने दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से मिली हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा,'दोष सभी का है और इसकी शुरुआत मुझसे होती है। हमें बेहतर खेल दिखाना होगा।

### टी20 विश्व कप से पहले खतरे में असलांका की कप्तानी

**कोलंबो।** श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका का पाकिस्तान का दौरा बीच में छोड़ना देश के क्रिकेट बोर्ड को नागवार गुजरा है, जिससे अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी कप्तानी खतरे में पड़ गई है। उनकी जगह दासुन शनाका को कप्तान नियुक्त किया गया है।



असलांका पाकिस्तान में द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में टीम की कप्तानी कर रहे थे। वह दौरा बीच में रद्द करने के पक्ष में थे और उन्होंने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट के बाद कथित तौर पर अपने कुछ साथियों को टूर्नामेंट से हटने और स्वदेश लौटने के लिए प्रोत्साहित किया था। यह बात श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को रास नहीं आई और उसने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### कर्नाटक ने उत्तराखंड को दी मात, स्मरण का अर्धशतक



**अहमदाबाद।** रविचंद्रन स्मरण ने सही समय पर अर्धशतक लगाकर अपनी काबिलियत का नमूना पेश किया, जिससे कर्नाटक ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अहमद ट्रॉफी के ग्रुप डी के पहले मैच में उत्तराखंड को पांच विकेट से हरा दिया। उत्तराखंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 197 रन बनाए, जिसमें कप्तान कुणाल चंदेला (88 रन, 49 गेंद) और आंजनेया सूर्यवंशी (54 रन, 36 गेंद) ने चौथे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा ने 37 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक ने करुण नायर और केएल श्रीजीत के विकेट गिरने के बाद 15 रन पर दो विकेट गंवा दिए।

### दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद फिर किया क्लीन स्वीप

# टीम इंडिया 40 साल बाद लगातार दो साल में हारी दो टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने कौशल और दृढ़ संकल्प की कमी वाले भारतीय बल्लेबाजों को फिर से दिन में तारे दिखाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में 408 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करके दो मैच की श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया।

यह हार भारत के टेस्ट इतिहास में एक और शर्मनाक अध्याय है क्योंकि रन के लिहाज से यह उसकी सबसे बड़ी हार है। यह तीसरा अवसर है जबकि किसी टीम ने भारत का उसकी धरती पर सूपड़ा साफ किया। 40 साल बाद भारत की धरती पर ऐसा हुआ है जब लगातार 2 साल में टीम इंडिया 2 टेस्ट सीरीज हारी हैं। पिछली बार यह कारनामा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने किया था। चार दशक पहले भारतीय टीम को साल 1983 में वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर साल 1984-85 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार मिली थी।



#### मार्क्रम ने 9 कैच लेकर बनाया रिकॉर्ड

हार्मर ने पिच मुझे मिल रहे उछाल और टर्न का पूरा फायदा उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 रन देकर छह विकेट तथा मैच में कुल नौ विकेट लिए। एडेन मार्क्रम ने 9 कैच लेकर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने भारत के अजिंक्य रहाणे के 2015 में लिए गए आठ कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।



#### मात्र 140 रन पर आउट हो गई टीम इंडिया

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने 2000 में 2-0 से जबकि पिछले साल न्यूजीलैंड ने 3-0 से श्रृंखला जीती थी। इस पराजय से भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। भारत के सामने 549 रन का असंभव लक्ष्य था और उसकी पूरी टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन 140 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारतीय टीम 201 रन पर आउट हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

#### हार्मर ने किया भारतीय बल्लेबाजों को परेशान

भारत ने सुबह दो विकेट पर 27 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई, जिसके बाद हार्मर ने अपने टर्न और उछाल से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने पहले सत्र में नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव (05), ध्रुव जुरेल (02) और कप्तान ऋषभ पंत (13) को पवेलियन की राह दिखाई। बारसापारा की पिच हाल के समय में उपलब्ध कराई गई सर्वश्रेष्ठ भारतीय पिचों में से एक थी, जिसमें उचित तकनीक और अभ्यास से बल्लेबाज रन बनाने में सक्षम थे। इस पिच पर अपनी लेंथ को जानने वाले तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और चालाक स्पिनरों ने दबदबा बनाया।

#### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 489 रन
भारत पहली पारी : 201 रन
दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : 260/5 रन घोषित

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| जायसवाल का वेरेन्ने बो यानसेन | 13 | 20 | 1 | 1 |
| राहुल बो हार्मर | 6 | 29 | 0 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 14 | 139 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव बो हार्मर | 5 | 38 | 1 | 0 |
| जुरेल का मार्क्रम बो हार्मर | 2 | 3 | 0 | 0 |
| पंत का मार्क्रम बो हार्मर | 13 | 16 | 1 | 1 |
| जडेजा स्ट वेरेन्ने बो महाराज | 54 | 87 | 4 | 2 |
| सुंदर का मार्क्रम बो हार्मर | 16 | 44 | 2 | 0 |
| रेड्डी का वेरेन्ने बो हार्मर | 0 | 3 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| सिराज का यानसेन बो महाराज | 0 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन, कुल : 63.5 ओवर में 140/10 रन
गेंदबाजी : यानसेन 15-7-23-1, मुल्डर 4-1-6-0, हार्मर 23-6-37-6, महाराज 12.5-1-37-2, मार्क्रम 2-0-2-0, मुथुसामी 7-1-21-1

### स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को खेले गए 4 मैच

# स्कोप विश्वविद्यालय, राफेल एकादश, इनकम टैक्स और भेल की टीमें जीतीं



मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से योगेश देवस्कर को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को चार मैच खेले गए जिसमें स्कोप विश्वविद्यालय, राफेल एकादश, इनकम टैक्स और भेल की टीमें जीतीं। आज का पहला मैच सुपर हिटर्स और स्कोप यूनिवर्सिटी के बीच खेला गया और सुपर हिटर्स ने 130 /8 रन बनाए।

जवाब में स्कोप यूनिवर्सिटी ने 133/7 विकेट पर बनाकर मैच को 3 विकेट से जीत लिया।मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए अमित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, आज का दूसरा मैच माखनलाल विश्वविद्यालय और इनकम टैक्स के बीच खेला गया, जिसमें इनकम टैक्स ने 213/5 रन बनाए। जवाब में माखनलाल यूनिवर्सिटी की टीम 133/7 रन ही बना सकी। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रशांत राय को मैंन ऑफ द मैच चुना गया। आज का तीसरा मैच ब्लेजिंग यॉर्कर और राफेल एकादश के बीच खेला गया। ब्लाज़िंग यॉर्कर ने 132/8 रन बनाए। जवाब में पारी खेलते हुए राफेल एकादश ने 135/2 रन बनाकर मैच को 8 विकेट से जीत लिया।

मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए अंकित शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, आज का आख़िरी मैच नगर निगम कमिश्नर एकादश और भेल भोपाल के बीच खेला गया, जिसमें नगर निगम कमिश्नर एकादश ने 141/10 रन बनाए। जवाब में भेल भोपाल ने 145/4 रन बनाकर मैच को 6 विकेट से जीत लिया। मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए योगेश देवस्कर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जुनैद किदवई उपाध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ने प्रदान किया।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

# भोपाल के आर्यन को रजत और अन्वेष को कांस्य पदक



आर्यन एस गणेश



अन्वेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जयपुर में आयोजित खेलो इंडिया के अंतर्गत होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैराकी प्रतियोगिता जो की 25-29 नवंबर तक चलेगी, के दूसरे दिन भोपाल तैराकी संघ के तैराक आर्यन एस गणेश ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में 30.10 सेकंड का समय निकाल कर रजत पदक प्राप्त किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक विदित एस शंकर और कांस्य यश गुल्हाने ने जीता। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि एसोसिएशन के एक और तैराक अन्वेष सिंह ने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक अनीश एस गौड़ा और रजत शिवांक विश्वनाथ ने जीत । उपरोक्त तैराकों को भोपाल तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष ब्रजेश राजपूत, सह सचिव मुकेश मिश्रा, गणेश कुंठे, पंकज बाथम, आशीष टोंक ने बधाई दी है।

# उर्विल ने लगाया दूसरा सबसे तेज टी20 शतक

#### 31 गेंद में ठोकी सेंचुरी

**हैदराबाद।** कप्तान उर्विल पटेल की 12 चौके और 10 छक्के जड़ित नाबाद 119 रन की पारी की बदौलत गुजरात ने ग्रुप सी के मैच में सेना को आठ विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टी20 कप्तान के तौर पर पदार्पण करने वाले पटेल ने सेना के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए शतक जड़ा। चेन्नई सुपर किंग्स के रिटेन किए 27 साल के इस खिलाड़ी ने महज 31 गेंद में शतक बना दिया, जो किसी भारतीय का बनाया दूसरा सबसे तेज टी20 शतक है। किसी भारतीय के बनाया सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड पटेल और अभिषेक शर्मा के नाम है, जिन्होंने 2024-25 चरण में क्रमशः त्रिपुरा और मेघालय के खिलाफ 28 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया था। पटेल ने 2023 में विजय हजारे ट्रॉफी में चंडीगढ़ के खिलाफ 41 गेंद में शतक बनाया था। विकेटकीपर बल्लेबाज ने आर्य देसाई (35 गेंद में 60 रन) के साथ मिलकर 174 रन की भागीदारी निभाई। इससे टीम ने 12.3 ओवर में 183 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।



### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025

# रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के फेंसिंग खिलाड़ी मोहित श्रीवास ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (रायसेन) के लिए गर्व का विषय है कि उदयपुर में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में विश्वविद्यालय के फेंसिंग खिलाड़ी मोहित श्रीवास (एमपीईएस) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिविजुअल श्रेणी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल में मोहित श्रीवास ने सोहिल सुफियान वाहिद (जेएनडीयू) को स्कोर 15–13 से पराजित किया। टूर्नामेंट में मोहित ने दमदार खेल कौशल एवं उत्कृष्ट रणनीति का प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। विश्वविद्यालय के दल का नेतृत्व स्पोर्ट्स ऑफिसर सतीश अहिरवार द्वारा किया जा रहा है। फेंसिंग टीम की



उपलब्धि में मैनेजर देवेंद्र पांचाल एवं कोच प्रवीण दामले का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। मोहित की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो-चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ. रवि प्रकाश दुबे, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी तथा रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

#### विश्वविद्यालय के कुल 67 खिलाड़ी कर रहे प्रतिभागिता

उल्लेखनीय है कि रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुल 67 खिलाड़ी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में प्रतिभागिता कर रहे हैं, जिनमें जूडो, रेसलिंग, फेंसिंग, शूटिंग, आर्चरी, मल्लखंभ, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और हॉकी सहित 9 खेल विधाएँ शामिल हैं। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक राजस्थान के सात शहरों में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के विश्वविद्यालयों के हजारों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# आईईएस के छात्रों को खेलो इंडिया जूडो में ब्रॉन्ज मेडल



पुरस्कार वितरण के दौरान आईईएस यूनिवर्सिटी के छात्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस यूनिवर्सिटी के छात्र विशाल जाट को खेलो इंडिया जूडो में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। खेलो उदयपुर में आयोजित आईईएस के तीन खिलाड़ियों ने इसमे भाग लिया। महिला वर्ग में शांभवी कदम कल से इवेंट में खेलेंगी। आईईएस के छात्रों ने भोपाल में आयोजित एआईयू साउथ वेस्ट इंटर-यूनिवर्सिटी जूडो 2025-26 स्पर्धा में 5 मैडल हासिल किया। छात्रा हरलीन कौर और रितु ने एआईयू साउथ वेस्ट इंटर-यूनिवर्सिटी जूडो 2025-26 स्पर्धा स्वर्ण पदक और 52 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। वहीं छात्र विपुल यशोवर्धन और मृत्युंजय पांडे ने जूडोमें 81 किग्रा में रजत पदक और 60 किग्रा में कांस्य पदक जीता। आईईएस यूनिवर्सिटी के सीईओ देवांश सिंह ने बधाई दी है।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : रहाणे और सूर्यकुमार ने खेली तेजतर्रार पारी

# मुंबई की शानदार शुरुआत, रेलवे को 7 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

गत चैंपियन मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप ए मुकाबले में रेलवे को सात विकेट से शिकस्त दी, जिसमें भारत के अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे और सूर्यकुमार यादव ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुंबई को 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोई मुश्किल नहीं हुई। रहाणे ने 33 गेंद में 62 रन बनाए, जिसमें चार चौके और पाच छक्के शामिल थे। उनकी धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम ने 25 गेंद रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रहाणे के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। उन्होंने 30 गेंद में 47 रन की तेजतर्रार पारी खेली।

#### रहाणे ने लगाए चार चौके और पांच छक्के



#### रेलवे की खराब शुरुआत

पूर्व भारतीय खिलाड़ी कर्ण शर्मा की अगुआई वाली रेलवे की शुरुआत खराब रही, जिसने महज 19 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। इसके बाद पूर्व भारत अंडर-19 खिलाड़ी मोहम्मद सैफ (48) ने युवा रवि सिंह (26) और अशुतोष शर्मा (61) के साथ मिलकर टीम की पारी को संभाला। सैफ के आउट होने के बाद रेलवे का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था।

#### मुंबई टीम पर नहीं दिखा दबाव

आशुतोष शर्मा ने सात चौके और तीन छक्कों की मदद से पारी को गति दी और स्कोर को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया।
मुंबई की पारी में शुरुआत से ही कोई भी दबाव नहीं दिखा। रहाणे और आयुष म्हात्रे (18) ने टीम को मजबूत शुरुआत कराई। रहाणे के आउट होने के बाद मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 113 रन था और टीम अच्छी स्थिति में थी। इसके बाद जीत की औपचारिकता बाकी थी और यह काम सूर्यकुमार ने आसानी से पूरा किया।

# सप्रे संग्रहालय में आयोजित राजकुमार केसवानी सम्मान से सम्मानित हुईं ऋचा अनिरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

## राजकुमार केसवानी सम्मानः निर्भीक पत्रकारिता की विरासत

निर्भीक पत्रकारिता की मिसाल रहे स्व. राजकुमार केसवानी की स्मृति में दिए जाने वाले प्रतिष्ठित राजकुमार केसवानी सम्मान से इस वर्ष जानी-मानी टीवी पत्रकार ऋचा अनिरुद्ध को सम्मानित किया गया। सप्रे संग्रहालय में बुधवार को आयोजित समारोह में उन्हें 1 लाख रुपए की सम्माननिधि प्रदान की गई। समारोह में देश के कई प्रमुख लेखक, पत्रकार और साहित्यकार मौजूद रहे।संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि स्व. केसवानी ने भोपाल गैस त्रासदी आने से पहले जिस तरह सरकार और समाज को चेताया था, वही असली पत्रकारिता है


सप्रे संग्रहालय में राजकुमार केसवानी सम्मान से टीवी पत्रकार ऋचा अनिरुद्ध को सम्मानित करते अतिथि।

### नीतियों का परीक्षण करना ही सच्ची पत्रकारिता

कार्यक्रम की शुरुआत लेखक नीलोत्पल मृणाल करते हुए कहा कि सवाल पूछना और नीतियों का परीक्षण करना ही सच्ची पत्रकारिता है। उनका लिखा आज भी लोगों के दिलों में दर्ज है।


कार्यक्रम में वक्ताओं के व्याख्यान सुनते अतिथि।

### बेखौफ होना ही पत्रकारिता की असली पहचान

लेखक दिव्य प्रकाश दुबे बोले आज के पत्रकारों को केसवानी से सीखना चाहिए कि बेखौफ होना ही पत्रकारिता की असली पहचान है।कवि-पत्रकार उदय प्रकाश ने कहा व्यक्ति प्रचार से नहीं, इतिहास से जन्म लेता है। 1981 में जो मुलाकात हुई थी, वो आज भी याद है।

### यदि पत्रकारिता गिर रही है, तो समाज भी जिम्मेदारःऋचा

सम्मान ग्रहण करते हुए ऋचा अनिरुद्ध ने कहा अगर पत्रकारिता का स्तर गिर रहा है, तो इसकी जिम्मेदारी समाज को भी लेनी चाहिए। कई बार ऐसी स्टोरियां करनी पड़ीं जो मन से नहीं थीं, लेकिन समाज ने ही उन्हें सराहा। बदलाव लाना है तो खुद को बदलना पड़ेगा।

## विश्व रंग टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव का आज



**भोपाल ।** रवीन्द्र भवन में गुरुवार को टैगोर अंतराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव- विश्व रंग का भव्य शुभारंभ हो रहा है, जो चार दिनों तक संस्कृति, साहित्य, कला, संगीत और विचारों का अनूठा समागम होगा। इस बार विश्व रंग का सातवां संस्करण 40 देशों के प्रतिनिधियों, 1000 से अधिक प्रतिभागियों और 90 विशिष्ट सत्रों के साथ और भी व्यापक और बहुआयामी स्वरूप में प्रस्तुत हो रहा है। उद्घाटन अवसर पर म.प्र. के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मॉरिशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, म.प्र. के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी और आरएनटीयू के कुलाधिपति एवं विश्व रंग निदेशक संतोष चौबे की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम का आगाज सुबह 12 बजे शोभा यात्रा एवं प्रदर्शनी उद्घाटन से होगा। इस दौरान असमिया एवं मालवी लोकनृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। शाम के उद्घाटन सत्र के दौरान विश्वरंग मानद अंलकरण प्रदान किए जाएंगे। इसके बाद सांस्कृतिक सत्र का आयोजन होगा जिसमें दिल्ली के श्रीराम केंद्र के कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका कृष्णा की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मप्र के मुख्य मंत्री मोहन यादव उपस्थित होंगे।

### दुष्यंत कुमार पाण्डुलिपि संग्रहालय में आरिणी चैरिटेबल फाउंडेशन का स्त्री राग-2025

# स्त्री के भीतर छिपे उसके सशक्त स्वरूप को दर्शाती नाट्य प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्त्री केवल परिवार में मां और गृहणी की भूमिका तक सीमित नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण सरकारी दायित्वों में भी वह समान रूप से सशक्त और प्रभावी भूमिका निभाती है। स्त्री में सत्यता, निषपक्षता का स्वरुप हमेशा व्यापक रुप से व्याप्त रहता हैं.... स्त्री के कुछ ऐसे ही स्वरुप को दर्शाता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ बुधवार को दुष्यंत संग्रहालय में। आरिणी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्त्री राग 2025 में जहां नारी केंद्रित छः एकल नाटकों का मंचन हुआ तो वहीं डॉ. मीनू पांडेय नयन की पुस्तक 'वक्त ठहर जाता या तुम' का विमोचन भी हुआ। इसी के साथ साथ कार्यक्रम में लघु कहानी के विजेता प्रतिभागियों को आरिणी अन्वीक्षित कथा सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. विकास दवे ने कहा कि स्त्री न केवल परिवार, समाज और संस्कृति की आधारशिला है, बल्कि परिवर्तन की सबसे सशक्त शक्ति भी है।





डॉ. मीनू पांडेय नयन की पुस्तक 'वक्त ठहर जाता या तुम' का विमोचन करते अतिथि।

### यह कहानियां हुईं पुरस्कृत

कार्यक्रम आयोजक डॉ मीनू पांडेय नयन, अध्यक्ष, आरिणी चैरिटेबल फाउंडेशन ने बताया कि जुलाई में पौराणिक कथाओं पर आधारित सशक्त एवं विदुषी महिला व्यक्तित्व पर आधारित लघु कहानियां आमंत्रित कीं गई थीं। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित तीन लघु कहानी के रचनाकारों को आरिणी अन्वीक्षित कथा सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। ये रचनाकार हैं हरिद्वार, उत्तराखंड से पधारीं डॉ मेनका त्रिपाठी, जिनकी कहानी अनसूया का वरदान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भोपाल की निरुपमा खरे की लघु कहानी शबरीःएक अनथक प्रतीक्षा ने द्वितीय स्थान एवं देवास के सचिन सिंह परिहार की लघु-कहानी अम्बा की ज्वाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था।

## नारी के सशक्त रूप को दर्शाती एकल नाट्य प्रस्तुतियां

वहीं कार्यक्रम में स्त्री शक्ति के प्रतीक के रूप में एकल नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इन एकल नाट्य प्रस्तुतियों में डॉ. रंजना शर्मा द्वारा डिप्रेशन, सुधा दुबे द्वारा गढ़ मंडला की रानी, डॉ. साधना शुक्ला द्वारा आदि अनादि अनंत, सुषमा पटेल द्वारा साबित्री बाई फुले, नमिता सेन गुप्ता द्वारा प्रीति लता वद्दार एवं मंजू गुप्ता द्वारा अभिनीत रानी लक्ष्मी बाई एकल नाट्य मंचन में नारी की सशक्त रुप को दर्शाया गया।


एकल नाट्य प्रस्तुतियो के बाद सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।








लक्ष्मीबाई के वेश में कलाकार।

# अंतर्मन की आवाज इग्नोर न करो, सफलता जरूर मिलेगी

हरिभूमि चर्चा

प्रसिद्ध अभिनेता बलराज स्याल से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



यदि बच्चे भीतर की आवाज नहीं सुनेंगे, बाहर की दुनिया की आवाज सुनकर अपना जीवन तलाशेंगे सक्सेस मिल भी जाएगी तो स्थाई नहीं होगी।

इसलिए जरुरत हैं स्वयं के भीतर की आवाज सुनने की, अपने अंतर्मन की आवाज को इगनोर न करो, उसे सुने और उसी राह पर चलें तो एक न एक दिन सफलता जरुर मिलेगी। यंगस्टर द्वारा जल्द से जल्द सफलता अर्जित करने के जवाब के रुप में यह कहा प्रसिद्ध अभिनेता बलराज स्याल ने, जो बुधवार को सप्रे संग्रहालय में आयोजित बात आपस की में मौजूद थे और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

### कोविड में लोग थाली बजा रहे थे और मैं अपनी बालकनी में खड़ा रो रहा था...

मैंने कोविड में एक बात सीखी कि क्योंकि कोविड में मैंने ही नहीं हजारों लोगों ने अपने अपनों को खोया और जब लोग अपने घरों में थाली बजा रहे थे तब अपन बालकनी से मैं और सामने वाली बालकनी से एक अंकल आंखों में आंसू भरे हुए थे और शायद वो समय लोगों को सच्चाई से रुबरु कराने वाला रहा।

### लोगों ने कहा-यह नया लड़का, क्या फिल्म बनाएगा

उन्होंने कहा कि जब मैंने पंजाबी फिल्म डायरेक्टर की थी, तो लोगों ने कहा कि यह तो नया लड़का है क्या फिल्म बनाएगा, इसकी फिल्म कितनी सफल हो पाएगी, इसके ट्रेलर को भी व्यूज नहीं मिल पाए थे, लेकिन जब फिल्म को फिल्म फेयर अवार्ड मिला तो लोगों ने फिल्म देखी भी और मेरे काम को सराहा भी।


नाटक के बाद मंच पर खराशें की टीम।

## खराशें ने रचा सफलता का नया इतिहास....

**भोपाल ।** कहानीकार समूह द्वारा प्रस्तुत नाटक खराशेंः ये मंजर पहले देखा है ने शहर में अपनी पहली प्रस्तुति के साथ ही बड़ी सफलता हासिल की। नाटक का निर्देशन अंकुर विनचुरकर ने किया, जबकि शो की क्रिएटर उत्कर्षा भालेराव की रही, जिन्होंने पूरी टीम को इस प्रस्तुति के लिए एकजुट किया।

टीम की सफलता में प्रमुख योगदान रहा अनमोल बिहरिया का, जिनके समर्थन और समर्पण ने इस प्रोडक्शन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत पाक विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह नाटक दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में सफल रहा। दर्शकों ने इसे एक प्रभावी, संवेदनशील और जीवंत प्रस्तुति बताया। कहानीकार समूह ने इस सफलता को पूरी टीम के अथक परिश्रम और दर्शकों के भरपूर प्रेम का परिणाम बताया है।

### गांधी भवन में संविधान दिवस पर वक्तव्य एवं फिल्म प्रदर्शन

# संविधान दिवस उत्सव, लोकतंत्र की सबसे अच्छी किताब...


गांधी भवन में संविधान दिवस पन आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय संविधान निर्माण दिवस 26 नवम्बर को देशभर में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा संविधान लोकतंत्र की सबसे अच्छी किताब है। इसमें उल्लेखित मूल्यों का पालन हमारा कर्तव्य है। ये विचार विभिन्न वक्ताओं ने संविधान दिवस का उत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए। संस्था विकास संवाद और गांधी भवन न्यास द्वारा आयोजित इस उत्सव में संविधान निर्माण यात्रा और प्रमुख तथ्यों पर विशिष्ट प्रदर्शनी, संविधान निर्माण और प्रस्तावना पर फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

### मूल संविधान की प्रतिकृति देखना रहा आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में मूल संविधान की प्रतिकृति को देखना आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें जहां एक ओर युवाओं ने चरखा को देख, उसके महत्व को समझा, बच्चों ने बापू के विचारों को जाना। इस अवसर पर गांधी चिंतक दयाराम नामदेव, राज्यसभा चैनल की प्रख्यात संविधान श्रृंखला के निर्माता और वरिष्ठ संपादक राजेश बादल, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सक्सेना ने संविधान के महत्व और उसकी निर्माण प्रक्रिया पर बात की। गांधी भवन न्यास के सचिव दयाराम नामदेव ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों को जानने एवं लोकतांत्रिक समझ विकसित करने के लिए संविधान को जनजन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने संविधान सभा और उसमें मध्यप्रदेश के प्रतिनिधियों का उल्लेख किया।

### पंजाब की समृद्ध, जीवंत और शौर्य-गंधित संस्कृति को समर्पित होगा कार्यक्रम

# पंजाब की सांस्कृतिक परंपराओं को समर्पित नई प्रदर्शनी का शुभारंभ 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानव सभ्यता के अनगिन रंगों को संजोने वाला इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, अपनी सामयिक प्रदर्शनी श्रृंखला की अगली कड़ी के रूप में पंजाब की समृद्ध, जीवंत और शौर्य-गंधित संस्कृति को समर्पित एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रदर्शनी 29 नवंबर से संग्रहालय के आवृत्ति भवन की दीर्घा में प्रारंभ होगी। यह आयोजन संग्रहालय की प्रसिद्ध श्रृंखला भारत के लोग का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत संग्रहालय समय-समय पर एक राज्य की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पारंपरिक विरासत को उसके स्थाई संकलन से देश-विदेश से आने वाले दर्शकों के सामने प्रस्तुत करता है। इसका उद्देश्य केवल संस्कृति का संरक्षण ही नहीं, बल्कि लोगों को उनके सामाजिक मूल, लोक सौंदर्य और जनजातीय जड़ों से परिचित कराना भी है। संग्रहालय के निदेशक प्रो डॉ अमिताभ पांडे ने बताया कि इस बार पंजाब को केंद्र में रखकर तैयार प्रदर्शनी, लोक एवं जनजातीय समुदायों की सामाजिक संरचना, पहनावे, परंपराओं, कृषि-जीवन, धार्मिक विश्वासों, संगीत, नृत्य और शौर्य परंपरा का जीवंत परिचय कराएगी।



**उद्घाटन दिवस के विशेष आकर्षण**

ठेठ पंजाबी खाने का जायका,लोक वाद्यों की मधुर ताल, शिल्पकारों की जीवंत कारीगरी और पंजाबी गीत-संगीत की गर्मजोशी का अनुभव एक ही स्थान पर प्राप्त होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930